दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 90 जयपुर, शनिवार, 09 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कांग्रेस: पहली लिस्ट में 39 नाम, वायनाड से लड़ेंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार देर शाम अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी ने इसमें राहुल गांधी, शशि थरूर, भूपेश बघेल, केसी वेणुगोपाल समेत 39 नेताओं की सीटों का ऐलान किया है। राहुल गांधी केरल के वायनाड से दूसरी बार चुनाव लड़ेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनंदगांव से मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस की पहली लिस्ट में छत्तीसगढ़ की 6, केरल की 16, कर्नाटक की 7, तेलंगाना की 4, मेघालय की 2, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा और लक्षद्वीप की एक-एक सीट शामिल है। 39 उम्मीदवारों में 15 जनरल, 24 ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक हैं।

■ पेज 8 भी देखें

### खाटूश्याम जी का लक्खी मेला 11 मार्च से



**सीकर।** जिले में स्थित खाटूधाम में 11 मार्च से भरने वाले 11 दिवसीय फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर अब प्रशासन मैराथन तैयारी शुरू कर दी है। इस बार पूरे मेला क्षेत्र को आठ सेक्टर में बांटा गया है। 10 मार्च की शाम से रींगस-खाटू मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। मेले के दौरान डीजे पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। मेले में आठ फीट से ऊंचे निशान पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। मेला अवधि में सरकारी वाहन पार्किंग शुल्क निशुल्क रहेगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**होली और लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का बड़ा फैसला**

# महिला दिवस पर मोदी का तोहफा... सिलेंडर 100 रुपए सस्ता

एजेंसी | नई दिल्ली

महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा ऐलान करते हुए एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की कटौती करने का ऐलान किया। इससे पहले गुरुवार को मोदी मंत्रिमंडल की बैठक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी थी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को महिला दिवस के अवसर पर एक्स पोस्ट कर महिलाओं को बधाई दी और इसके साथ ही ऐलान किया कि एलपीजी सिलेंडर के दाम 100 रुपए कम कर दिए गए हैं।

होली और आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के ये बड़ा फैसला है। इससे पहले बीते साल दिवाली से पहले सरकार की ओर से सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की गई थी।



### करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ कम होगा: प्रधानमंत्री मोदी

पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कमी होने से नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। पोस्ट में आगे कहा गया कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर, हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई का समर्थन करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

### जयपुर में अब 806 रुपए में सिलेंडर

एलपीजी सिलेंडर में 100 रुपए की कमी से कई शहरों की कीमतों में कमी आ जाएगी। राजधानी जयपुर में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत पहले 906 रुपए पचास पैसे में मिल रहा था, 100 रुपए कम होने के बाद अब 806 रुपए पचास पैसे में मिलेगा। दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 903 रुपए थी, जो अब 100 रुपए कम होने के बाद 803 रुपए हो जाएगी। इसके अलावा देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलेंडर की कीमत 902.50 रुपए थी, जो अब कम होकर 802.50 रुपए रह जाएगी। कोलकाता में कीमत 900 रुपए और चेन्नई में 818.50 रुपए रह जाएगी।

**पुलिस मुख्यालय की पहल: मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब अपराधियों तक पहुंचने के लिए कैमरा मैप बनाएगी पुलिस**

# जुर्म कर भागे क्रिमनल्स को ट्रैक करेगी 'तीसरी आंख'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में अपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों की तत्काल दबोचने के लिए पुलिस प्रदेश और जिले का कैमरा मैप तैयार करेगी। दरअसल मुख्यमंत्री भजनलाल ने एक सभा में प्रदेश के सभी कॉलोनियों व सड़क मार्गों पर घरों व कॉमर्शियल भवनों में लगे सीसीटीवी कैमरो का रिकॉर्ड बनाकर एक मैप बनाने की बात कही थी।

पुलिस मुख्यालय ने मुख्यमंत्री के बयानों के बाद प्रदेश व जिला स्तर पर एक कैमरा-मैप बनाने की तैयारी कर ली है। इस मैप से खुद लोग भी जुड़ सकेंगे और थाना स्तर पर बीट कांस्टेबल अपने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का डाटा तैयार करके ऑनलाइन करेंगे ताकि कोई वारदात होने पर कड़ी से कड़ी कैमरों के फुटेज देखकर आसानी से वारदात करने वाले आरोपियों तक पहुंचा जा सके। इसके लिए पुलिस मुख्यालय की एससीआरबी क्राइम ब्रांच ने राजकॉप सिटीजनएप पर कैमरा सहमति के नाम से नया फीचर लॉन्च किया है। इस एप के मार्फत से लोग खुद सीसीटीवी कैमरों की जानकारी दे सकेंगे।

इसके अलावा पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला एसपी व डीसीपी को जिले में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का रिकॉर्ड लेकर एप में डालने के निर्देश दिए हैं। अब सभी थाना पुलिस के बीट कांस्टेबल यह रिकॉर्ड एप में सेव करेंगे। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों का एक जिला व प्रदेश स्तर का मैप तैयार किया जाएगा। ताकि वारदात करने के बाद मैप के जरिए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी लेकर आरोपियों तक पहुंचने के लिए फुटेज खंगाल सके।




### ऐसे जुड़ सकेंगे कैमरा सहमति फीचर से

डीजी साइबर क्राइम रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पुलिस ने राजकॉप सिटीजन एप बना रखा है। कैमरा सहमति फीचर से जुड़ने और जानकारी शेयर करने के लिए लोगों को पहले राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड करना पड़ेगा। राजकॉप सिटीजन एप के डाउनलोड होने के बाद उसको ओपन किया जा सकेगा। इसमें कैमरा सहमति फीचर के साथ अन्य भी फीचर है, लेकिन जानकारी शेयर करने के लिए लोगों को कैमरा सहमति फीचर को ओपन करना पड़ेगा। इसके बाद एक फार्म ओपन होगा। फार्म में लोगों को खुद का नाम, मोबाइल नंबर, मकान नंबर, कॉलोनी व सड़क मार्ग का नाम, गांव, कस्बा, शहर, जिला, पिन कोड, संपत्ति का नाम, कैमरो की संख्या, कैमरे की क्वालिटी की जानकारी भरनी पड़ेगी और इसके बाद जमा के ऑप्शन पर क्लिक करना पड़ेगा। इससे सीसीटीवी कैमरे की पूरी जानकारी पुलिस के सॉफ्टवेयर में सेव हो जाएगी और फिर पुलिस इन सीसीटीवी कैमरो के मार्फत वारदात करने वाले आरोपियों तक पहुंचने के लिए लोगों से संपर्क करेगी।

### प्रदेश में हर साल सवा दो लाख से ज्यादा आपराधिक वारदातें




पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में हर साल सवा दो लाख से ज्यादा आपराधिक वारदातें होती है। वर्ष 2023 में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, दुष्कर्म, चोरी, नकबजनी समेत अन्य 2.43 लाख अपराधिक वारदातें हुई हैं। इनमें हत्या के 1768, डकैती के 150, लूट के 2049, नकबजनी की 7996 और चोरी की 38133 वारदातें हुई हैं। इन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस का सीसीटीवी कैमरों का सहारा लेना पड़ता है।

**महाशिवरात्रि: हाईटेंशन लाइन से टच हुआ झंडा**

# कोटा में शिवजी की बारात में फैला करंट, 14 बच्चे झुलसे



बेधड़क | कोटा

जिले में महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को शिव बारात के दौरान भीषण हादसा हो गया। करंट की चपेट में आने से बारात में शामिल 14 बच्चे बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने उन्हें एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है, इनमें से दो बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सांसद ओम बिरला व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अस्पताल पहुंचे और बच्चों से मिलकर घटना की जानकारी ली। यह घटना शुक्रवार दोपहर कुन्हाड़ी क्षेत्र में थर्मल चौराहे के पास हुई, जब कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लेकर शिव यात्रा में सड़क पर चल रहे थे। इसी दौरान ये झंडा हाईटेंशन लाइन से टच हो गया।

बताया जा रहा है कि जहां से शिव बारात गुजर रही थी, वहां पानी भी फैला हुआ था। इस कारण करंट तेजी से फैला। देखते ही देखते धार्मिक उल्लास के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। सभी घायलों को एमबीएस अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया। घायलों में एक बच्चा तकरीबन 70 फीसदी और दूसरा करीब 50 प्रतिशत तक झुलसा है। सभी बच्चों की उम्र 9 से 16 साल के बीच बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वे इस घटना की जांच कराएंगे।

# भारत में घुस रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया, BSF ने मार गिराया

बेधड़क | श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गोली मारकर ढेर कर दिया है। वह पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ जवानों ने उसे चुनौती दी, बावजूद इसके वह आगे बढ़ता रहा। इसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी, जिसमें वह मारा गया। यह मामला केसरीसिंह थाना क्षेत्र के सुंदरपुरा



बीओपी में रात 1 बजे का है। प्रोटोकॉल के तहत घुसपैठिए का शव पाकिस्तान भेजा जाएगा। बीएसएफ राजस्थान ने एक्स पोस्ट के जरिए पूरी जानकारी दी। सुंदरपुरा बॉर्डर आउट पोस्ट यानी बीओपी बफर जोन में है। गुरुवार/शुक्रवार की मध्य रात्रि जवानों ने सीमा बाड़ के आगे सुंदरपुरा क्षेत्र में पाक घुसपैठिए को भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करते हुए देखा। उस व्यक्ति को तुरंत चुनौती दी गई, लेकिन वह भारत में घुसने की कोशिश में सीमा बाड़ की ओर बढ़ता रहा। किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिए बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए पर गोलीबारी की। गोली लगने से घुसपैठिए की मौत हो गई।

**पीएम ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

# इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

एजेंसी | नई दिल्ली

मशहूर समाजसेवी और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है। मूर्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उच्च सदन में उनकी मनोनयन 'नारी शक्ति' का एक सशक्त प्रमाण है, जो राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण भी है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में उनका योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है।



### पति को कंपनी शुरू करते समय दिए थे 10 हजार रुपए

सुधा मूर्ति लगातार महिलाओं और बच्चों के लिए काम करती रही हैं। उन्होंने कई प्रेरणादायक किताबें लिखी हैं। सुधा मूर्ति ने ही 1981 में इंफोसिस की शुरुआत के दौरान पति एन आर नारायण मूर्ति को 10 हजार रुपए उधार दिए थे। सुधा टीवी शो में बता चुकी हैं कि वे लोग उस समय किराए के मकान में रहते थे और पैसों की तंगी थी।

### कौन हैं सुधा मूर्ति?

इंफोसिस के सह-संस्थापक और दिग्गज कारोबारी एनआर नारायणमूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति फिलहाल 'मूर्ति ट्रस्ट' की अध्यक्ष हैं। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं। मूर्ति 73 वर्ष की हैं। उन्हें पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। मूर्ति को 2006 में भारत सरकार द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इसके बाद 2023 में उन्हें भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था। मूर्ति के पति नारायण मूर्ति आईटी दिग्गज इंफोसिस के संस्थापक हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सुधा मूर्ति के दामाद हैं। मूर्ति ने अपने पेशेवर कॅरियर की शुरुआत कम्प्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग से की। वह गेट्स फाउंडेशन की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पहल की भी सदस्य हैं। 1950 में उत्तरी कर्नाटक के हावेरी जिले के शिगगांव में जन्मी सुधा मूर्ति ने अपना करियर TELCO (अब टाटा मोटर्स) में ऑटो मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में पहली महिला इंजीनियर के रूप में शुरू किया था। 10वीं कक्षा तक कन्नड़ माध्यम स्कूल में पढ़ाई करने के बाद सुधा मूर्ति को इस भाषा से प्यार हो गया। बाद में उन्होंने कर्नाटक में 60,000 से अधिक लाइब्रेरी स्थापित किए।

### बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के PM ऋषि सुनक की पत्नी

सुधा मूर्ति के दो बच्चे हैं। उनकी बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के वर्तमान पीएम ऋषि सुनक की पत्नी हैं। वहीं, उनके बेटे रोहन मूर्ति अमेरिका बेस्ड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फर्म सोरोको के फाउंडर हैं। रोहन भारत में मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी की भी स्थापना की गई है, जो अमेरिकी संस्कृत विद्वान शेल्डन पोलक की अध्यक्षता वाली क्ले संस्कृत लाइब्रेरी परियोजना का हिस्सा है।

## जरूरी खबर

### पीड़ितों को मिले बेहतर चिकित्सा सुविधा: सीएम



**बेधड़क.जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा में हुए विद्युत हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं। शर्मा ने प्रशासन को घायल बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करने और हादसे में घायल बच्चों को सर्वश्रेष्ठ इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही, प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि बच्चों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के सभी पहलुओं को ध्यान में रख जांच कराई जाएगी।

### साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेशभर में साल 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को लगेगी। हाई कोर्ट से लेकर प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में लोक अदालतें आयोजित की जाएगी। इन लोक अदालतों में आपसी समझाइश से मामलों का निस्तारण किया जाएगा। प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 499 बैंचों का गठन किया गया हैं। हाई कोर्ट जयपुर पीठ में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी और मुख्यपीठ जोधपुर में जस्टिस पुष्पेन्द्र सिंह भाटी सुबह 10 बजे लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे। राजस्थान हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ में 9 सीटिंग जज़ कल मामलों की सुनवाई करेंगे।

### उप रेलवे मुख्यालय पर मनाया महिला दिवस कार्यक्रम



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ''अभी नहीं तो कभी नहीं'' थीम पर नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ, मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, लैगिंक समानता, कामगारों तथा पुरूष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओ की सक्रिय भागीदारी जैसे महिला प्रधान विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता भावना शर्मा, प्रमुख वित्तीय सलाहकार, उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा की गयी। प्रतियोगिता में विजेता महिला कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया तथा इन कार्यक्रमों में 150 महिलाओ ने भागीदारी की। सभी उपस्थित महिलाओ को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

---

विधानसभा अध्यक्ष ने विवेकानुदान से 156 लोगों को बांटी 5 लाख से अधिक की राशि

## प्रधानमंत्री के सपनों का भारत बनाने में हम बनें भागीदार: देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कतार में अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रहे है। पिछले एक दशक में भारत ने नव निर्माण की नई ऊचाईयों को छुआ है। हम भी गरीब की सेवा को गणेश की सेवा मानकर काम कर रहे है। प्रत्येक कार्य का अन्तिम उद्देश्य आम आदमी को राहत प्रदान करना है।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर जिले के फॉयसागर रोड़ स्थित हंस पेराडाईज समारोह स्थल पर विवेकानुदान कोटे के तहत 156 लोगों को प्रति व्यक्ति को 3 हजार 250 रूपए वितरित किए। यह राशि करीब 5 लाख रूपए से अधिक की है। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि देश आज नई ऊचाईयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आम आदमी को केन्द्र में मानकर योजनाए लागू की जा रही है और जनहित के फैसले लिए जा रहे है। यह कार्य एक दशक में बहुत आगे बढ़ गया है। हम सब को भी इस भागीरथी प्रयास में सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भी आम आदमी की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि अजमेर शहर प्रत्येक दृष्टि से सुविकसित और सुव्यवस्थित बनें। सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और विकास के अन्य आयामों को ध्यान में रखकर काम हो रहा है। आने वाले 5 साल में अजमेर राजस्थान के शहरों में सबसे अग्रणी कतार में होगा।

देवनानी ने कहा कि विवेकानुदान कोटे में वास्तविक रूप से जरूरत मन्द लोगों को शामिल कर राशि वितरित की गई है। अजमेर के गरीब लोगों की भलाई के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से योजनाओं को लागू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर का साईन्स पार्क शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह अन्य विकास कार्य भी आम जन की आवश्यकता को ध्यान में रखकर करवाए जा रहे है।

### वार्ड 62 व 63 में सवा करोड़ के विकास कार्यो का शुभारम्भ

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर को बारिश व अन्य दिनों में जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया जा रहा है। आने वाले कुछ समय में अजमेर उत्तर क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या का पूर्ण निराकरण होगा। विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों रूपए की लागत से नालों और सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वार्ड 62 व 63 में सवा करोड़ की लागत से बनने वाले नालों, नाली व अन्य विकास कार्यो का शुभारम्भ किया। इन नालों के निर्माण से क्षेत्र की निचली बस्तियों में पानी भराव की समस्या का समाधान होगा। हजारों लोगों को राहत मिलेगी।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सड़क और पानी भराव की समस्याएं सामने आने और आमजन की मांग पर अजमेर विकास प्राधिकरण को इनके निराकरण के निर्देश दिए गए थे। प्राधिकरण ने इन क्षेत्रों का सर्वे कर कामों को मंजूरी दी है।उन्होंने बताया कि जल भराव एवं ड्रेनेज की समस्या के निराकरण के लिए नालों का निर्माण कराया जाएगा। इसके तहत वार्ड संख्या 63 में खुर्रे वाली गली से लक्ष्मी यादव के मकान तक और सर्वेश्वर नगर की पुलिया तक नाले का निर्माण एवं मरम्मत कार्य राशि 1.09 करोड़ रूपए की लागत से होगा। इसी प्रकार कीर्तिनगर से श्रीजी विहार बांड़ी नदी की पुलिया तक नाले का निर्माण कार्य राशि 1.67 करोड़ रूपए की लागत से होगा। ऐसे ही कोटड़ा से विनायक विहार, हरीभाउ उपाध्याय नगर होते हुए बांड़ी नदी तक नाला निर्माण एवं मरम्मत कार्य लागत राशि 1.5 करोड रूपए से होगा। वार्ड संख्या 73 में एलआईसी कालोनी से शांतिपुरा तक नाले का निर्माण एवं मरम्मत कार्य लागत राशि 18.38 लाख रूपए से होगा।

---

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोले सीएम भजनलाल शर्मा

# महिला सशक्तीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सबके जीवन में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। हर क्षेत्र में महिलाएं सफलता का परचम लहरा रही हैं। उनके सम्मान तथा गरिमा को सुदृढ़ बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार महिला सशक्तीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

सीएम शर्मा शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को कई सौगातें दी। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं का वर्चुअल रूप से लोकार्पण तथा शुभारंभ कर विभिन्न वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की छूट के निर्णय का स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को दी विभिन्न सौगातें





### गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी के लिए एमएए योजना की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिला उत्थान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार का गठन होते ही हमने प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 6500 रुपए की है। उनको निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा देने के लिए एमएए वाउचर योजना की शुरूआत की गई है। साथ ही, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के मद्देनजर सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन, 1024 पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना कर महिला पुलिसकर्मी की नियुक्ति, वूमेन हेल्प डेस्क, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण तथा लाडली सुरक्षा योजना के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना जैसे फैसले किए गए हैं। हम महिलाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के लिए मजबूती के साथ काम कर रहे हैं। समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वन्दन अधिनियम से बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद द्वारा ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पारित किया गया है। इस अधिनियम के प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, हर घर शौचालय योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं सशक्त हुई हैं तथा उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हम बदलाव की शुरूआत अपने घर से करें, तभी समाज में बदलाव संभव होगा। उन्होंने कहा कि बेटों के समान बेटियों को भी महत्व देते हुए उनके सपनों को साकार करने में हमें अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री श्री प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि विकसित भारत बनाने में महिला शक्ति का सक्रिय योगदान आवश्यक है तथा नारी सशक्तिकरण के लिए देश एवं प्रदेश में विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।



### महिलाओं को मिली ये सौगातें

- राजीविका के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरण।
- महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण राशि के चैक वितरण, महिला निधि मोबाइल ऐप की शुरूआत।
- कोटा, जयपुर, जोधपुर व बीकानेर में कॉलेज स्तरीय बालिका छात्रावासों का लोकार्पण।
- जोधपुर में 2 तथा सीकर में 1 मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का लोकार्पण। फलौदी, भिवाड़ी एवं आमेर में वन स्टॉप सेन्टर का लोकार्पण। पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को फ्लैट आवंटन पत्र वितरण।
- काली बाई भील मेधावी छात्रा एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजनाओं के तहत स्कूटी वितरण तथा स्कूली छात्राओं को साईकिल वितरण।
- पी.एम. आवास योजना के लाभार्थियों को चैक वितरण। MAA CARD योजना के तहत कार्ड वितरण। MAA-वाउचर योजना का शुभारम्भ। प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना की लाभार्थियों को सहायता राशि के चैक। 40 नवीन 108 एम्बुलेंस।
- महिला सुरक्षा के लिए डायल 112 तथा 1090 सेवा के तहत नए वाहन।
- प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों और विधि अधिकारियों (ग्रेड-।।) को नियुक्ति पत्र वितरण।

---

पीएम मोदी के नेतृत्व में लिए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण के अनेकों निर्णय


## महिलाएं राष्ट्र के विकास के लिए कर रही हैं बराबर योगदान : दीया कुमारी

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के विशिष्ट आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर की ओर से शुक्रवार 8 मार्च को मालवीय नगर स्थित अणुविभा केंद्र पर एंपावरमेंट वूमेनहुड कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान करना हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है। देश का विकास महिलाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। राष्ट्र निर्माण में महिलाएं पुरुषों के समान बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण और समुचित योगदान दे रही हैं।

उप मुख्यमंत्री ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के विकास के अनेकों निर्णय लिए गए हैं। महिलाओं की प्रगति में सहयोगी योजनाएँ व कार्यक्रम चलाए गए हैं। उन्होंने शासन गौरव कनक साध्वी जी का अभिनंदन किया



और आशीर्वाद भी लिया। शासन गौरव कनक साध्वी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि दिया कुमारी जैसी महत्वपूर्ण महिला उप मुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान राज्य की सेवा समर्पित भाव से कर रही हैं। इससे प्रदेश निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

साध्वी जी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि महिलाओं की लीडरशिप जहां होती है वह सफल होती है। महिलाओं की लीडरशिप में कहीं कोई संदेह की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से राष्ट्र जागरण का कार्य किया जा रहा है। तेरापंथ महिला मंडल की महिलाएं राष्ट्र सेवा का कार्य कर रही है। यह भी एक गौरव की बात है कि भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी एक महिला है। महिलाएं हर क्षेत्र में विकास की वाहक है।

## जनता ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचा दिया

**बेधड़क | जोधपुर**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सीएम गहलोत पर पलटवार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से गुरुवार को भाजपा पर ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग से लोगों में खौफ पैदा करने के आरोप पर शुक्रवार को उन्होंने कहा कि आज तक कांग्रेस की सरकारों ने ईडी, सीबीआई और सारे वित्तीय संस्थानों का दुरपयोग किया, इसलिए उन्हें अभी भी अपनी तरह की हरकत और हकीकत दिखाई देती है।

शेखावत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि "अभी तो देश की जनता ने उन्हें नकारना प्रारंभ किया है और वो हाशिए पर पहुंच गए हैं, जब हाशिए से मिट जाएंगे, वह स्थिति



कैसी होगी मैं उसको देख रहा हूं" उन्होंने कहा कि लोग जिस तरीके से कांग्रेस को नकार रहे हैं, यह स्थिति भी जल्द आएगी।

जल जीवन मिशन पर उन्होंने कहा कि आजादी के 72 साल बाद भी देश के घरों में नल से जल सिर्फ 16 प्रतिशत पहुंचा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब इस मिशन का समय पूरा होगा, तब तक हम लगभग शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

---

सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले का शुभारंभ

# स्वयं के उत्पादों से समृद्धि प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं: किरोड़ी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8 से 18 मार्च तक सवाई माधोपुर स्थित इन्दिरा मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सरस क्राफ्ट मेला-2024 का शुभारम्भ कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने फीता काटकर किया।



कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने कहा कि सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में बने उत्पाद दुर्गा शक्ति के हाथ से बने वह सामान है जो किसी भी कंपनी के बने उत्पाद को पछाड़ सकते हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार की प्रबल इच्छा है कि गांव में रहने वाली महिलाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करें अपने स्वयं के उत्पादों से समृद्धि प्राप्त कर स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे 21 राज्यों के उत्पादों का निरीक्षण कर उनसे इस कला को सीखे और सवाई माधोपुर की महिलाओं को भी यह हुनर सीखकर यहां पर भी इसी प्रकार के उत्पादों का निर्माण कर यहां की महिलाओं को भी सशक्त करें। इस दौरान उन्होंने राजीविका के 23 सीएलएफ निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस दौरान कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने मेले में सजाई गई विभिन्न स्टाल्स पर जाकर प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया एवं महिला सदस्यों से उत्पादों के बारे में संवाद किया।

### इन उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

सौन्दर्यता से ओत-प्रोत भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पाद जैसे ब्लैक पॉटरी, कोटा डोरिया, लाख की चूड़ियां, लहसुन चटनी, अचार, नमकीन, पापड़, ब्लू पॉटरी, जूट के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, केर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट, सॉफ्ट टॉयज, एवं राजस्थानी जूतियां मुख्य रूप से राजस्थानी स्टॉल्स पर आकर्षण का केंद्र है। ठीक उसी प्रकार से उत्तर प्रदेश से बनारसी साड़ियां, मध्य प्रदेश से हल्दी एवं शहद प्रोडक्ट, बिहार की लहठी चूड़ियां, सीप ज्वेलरी, नागालैंड से टोकरियां एवं जेवरात, पंजाब से फुलकारी, उत्तराखंड से ऊनी वस्त्र, महाराष्ट्र की नागपुरी साड़ियाँ, एवं शीप से बने उत्पाद को एक मंच पर देखना अत्यंत मोहक लग रहा है।



**छात्राओं को किया स्कूटी वितरण**

कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवनारायण योजना एवं कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत मेधावी छात्राओं को प्रतिकात्मक रूप से 11 स्कूटियों का वितरण किया।

### मास्टरमाइंड सहित 3 बदमाशों की तलाश कर रही पुलिस, गिरफ्तार बदमाशों से 10 लाख रुपए बरामद

# आंखों में मिर्च डालकर 33 लाख की लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

बेधड़क । जयपुर

बिजनेसमैन की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 33 लाख रुपए लूटने के मामले मे पुलिस ने तीन बदमाशों को धर-दबोचा है। इन तीनों बदमाशों से 10 लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं। मास्टरमाइंड समेत तीन बदमाशों को अभी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक लूट की पूरी साजिश एक कैफे मालिक संदीप सिंह ने रची थी। पुलिस पूछताछ में कैफे में बैठकर प्री-प्लानिंग कर लूट की वारदात करने के लिए बदमाशों को अलग-अलग टास्क देकर भेजना सामने आया है।

डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा ने बताया कि लूट के मामले में आरोपी सुनील महावर (28) पुत्र आंधी जमवारामगढ़, मनोज कुमार कुमावत (25) पुत्र रामपाल कुमावत निवासी भैसावा जोबनेर और कर्मवीर मीणा (24) पुत्र धर्मपाल मीणा निवासी मनोहरपुर जयपुर ग्रामीण को अरेस्ट किया है। मामले में फरार मास्टरमाइंड संदीप सिंह, लोकेन्द्र उर्फ लौकी और विकास योगी की पुलिस टीम तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी सुनील के कब्जे से 3 लाख, मनोज से 2 लाख और कर्मवीर मीणा से 5 लाख रुपए बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि लूट की घटना के बाद एसएचओ विद्याधर नगर राकेश ख्यालिया और डीएसटी प्रभारी सीआई दिलीप सोनी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। कॉन्स्टेबल श्यामलाल के अहम रोल के चलते बदमाशों तक पहुंचना आसान हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि धनश्री टावर में आशीष पेडवाली का ऑफिस है। लूट के शिकार गर्व खंडेलवाल काफी समय से आशीष पेडीवाल से रकम का लेन-देन कर रहे थे। इसके चलते वे यहां आते-जाते रहते थे। आशीष पेडीवाल के बिजनेस की जानकारी रखने वाले संदीप सिंह ने लूट का प्लान बनाया। संदीप ने प्लानिंग के तहत सबसे पहले आशीष पेडीवाल के वर्कर सुनील महावर को लूट की कुछ रकम देने का लालच देकर जानकारी देने के लिए तैयार किया।



### सभी को मिले थे अलग-अलग टास्क

मास्टरमाइंड संदीप सिंह ने सभी को मिलने के लिए अपने विद्याधर नगर स्थित टिकटॉक कैफे बुलाया। सभी को अलग-अलग टास्क देकर भेजा गया। टास्क के अनुसार कर्मवीर का काम बैग छीनना, विकास योगी का आंखों में मिर्च पाउडर डालना और मनोज कुमार कुमावत का बाइक चलाकर साथियों को लेकर भागने का था। लूट के लिए तैयार कर सभी को विद्याधर नगर के आस-पास रहने के लिए कहा गया।

### मनोज के कमरे पर हुआ रकम का बंटवारा

इसके बाद एक मार्च को शाम 5 बजे गर्व खंडेलवाल धनश्री टावर में आशीष पेडीवाल के पास आया। प्री-प्लान के तहत आशीष पेडीवाल के वर्कर सुनील महावर ने मास्टरमाइंड संदीप सिंह को सूचना दी। संदीप ने गैंग के बदमाशों को लूट के लिए भेजा। प्लानिंग के तहत आंखों में मिर्च पाउडर डालकर गर्व खंडेलवाल से 33 लाख रुपए का बैग छीनकर तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। बाइक से तीनों मनोज के झोटवाड़ा स्थित कमरे पर पहुंचे। मास्टरमाइंड संदीप सिंह के कमरे पर आने के बाद सुनील, संदीप, लोकेन्द्र, कर्मवीर, विकास और मनोज ने रकम आपस में बांटी। अधिकांश हिस्सा मास्टरमाइंड संदीप ने अपने पास रख लिया। लूट की रकम लेकर सभी अलग-अलग जगह चले गए।

## जरूरी खबर

### कचरा संग्रहण वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हैरिटेज में स्वच्छ सर्वेक्षण जागो जयपुर जगमग जयपुर के तहत महापौर मुनेश गुर्जर एवं आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को कुल 350 कचरा संग्रहण वाहनों पर स्वच्छता रिंगटोन लगाकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम ने स्वच्छता की श्रेणी को ध्यान में रखते हुए सभी कचरा संग्रहण वाहनों पर स्वच्छता रिंगटोन का अनावरण किया है। यह स्वच्छता गीत जयपुर शहर के लिए बनाया गया है जो सभी कचरा संग्रहण वाहनों पर चलेगा। महापौर मुनेश गुर्जर ने शहरवासियों से अपील की कि सभी नागरिक गीले व सूखे कचरे के निस्तारण के लिये कचरा अलग-अलग चयनित पात्रों में डालें। कचरा सड़कों पर व अन्यत्र स्थानों पर डालकर गंदगी ना फैलाएं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### महाशिवरात्रि पर दिनभर चला भोलेनाथ की पूजा-अर्चना का दौर

# छोटी काशी की गली-गली में गूंजा बोल बम... ताड़क बम

**बेधड़क.जयपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को छोटी काशी भगवान महादेव की पूजा अर्चना में लीन रही। मंदिरों से लेकर घरों तक हर हर महादेव के उद्घोष दिनभर गूंजते रहे। ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव, जंगलेश्वर महादेव से लेकर गली-गली में मौजूद शिव मंदिरों में अलसुबह से ही पूजा की थाली लिए भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई। मंदिरों में पूजा अर्चना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने भोलेनाथ पर जल अर्पण करने के साथ ही उन्हें भांग-धतूरा, बिल्वपत्र, फूल, फल आदि चढ़ाकर उनकी अर्चना की। दिनभर जलाभिषेक-दुग्धाभिषेक का दौर चला। मंदिरों में इस अवसर पर भोलेनाथ की विशेष झांकियां सजाई गई।



झारखंड महादेव



झारखंड महादेव



ताड़केश्वर महादेव



ताड़केश्वर महादेव



केदारनाथ महादेव

### आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

# स्वयंसेवकों के घोषवादन से फूटे राष्ट्रप्रेम के स्वर

बेधड़क । जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को घोषवादन करते हुए पथ संचलन किया। संघ के अखिल भारतीय घोष दिवस के मौके पर घोषवादकों ने पूर्ण गणवेश के साथ परकोटा क्षेत्र में पथ संचलन किया। साथ ही महाशिवरात्रि पर आम जनता के दर्शन के लिए खुलने वाले राजराजेश्वर मंदिर और हवामहल के बाहर स्थिर घोषवादन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों ने भी अनुशासन के साथ बढ़ते कदमों को कैमरों में कैद किया। गौरतलब है कि हर साल 8 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाता है। ऐसे में जयपुर महानगर के पौण्ड्रिक नगर के स्वयंसेवकों ने तालकटोरा से पथ संचलन शुरू किया और कंवर नगर होते हुए गोविंद देवजी मंदिर, जलेब चौक होते हुए राजराजेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां स्वयंसेवकों ने आणक (साइड ड्रम), त्रिभुज (ट्रायंगल) वंशी (बांसुरी) शंख (बिगुल) और प्रणव (बॉस ड्रम) के साथ किरण, उदय, श्रीराम, सोनभद्र, मेवाड़, श्रीनिवास, जन्मभूमि, राजश्री, भूप, शिवरंजनी, तिलंग और मीरा सहित 15 से ज्यादा रचनाओं का वादन किया। गौरतलब है कि आरएसएस की ओर से विजयदशमी पर पथ संचलन किए जाते हैं, लेकिन इस बार अखिल भारतीय घोष दिवस के उपलक्ष्य में पथ संचलन किया गया।



### भगवान शिव की सुर-ताल के साथ आराधना

मौका महाशिवरात्रि का था तो स्वयंसेवकों ने भगवान शिव की आराधना की। स्वयंसेवकों ने राजराजेश्वर महादेव मंदिर के बाहर स्थिर घोषवादन कर भगवान शिव की सुर-ताल से आराधना की। घोषवादक कदम से कदम मिलाते हुए त्रिपोलिया गेट से निकलकर बड़ी चौपड़ होते हुए हवामहल पहुंचे। पथ संचलन को यहां पर स्थिर वादन करते हुए विसर्जन किया गया। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह समाज के लोगों व व्यापारियों ने स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, पौण्ड्रिक नगर के संघ चालक वैद्य केदार शर्मा सहित कई दायित्ववान कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल



*__जयपुर।__ फागुन माह में धार्मिक स्थलों पर फाग उत्सव का आयोजन धूमधाम से होता है। इसी के तहत हिंदू-मुस्लिम एकता का केंद्र टोंक फाटक स्थित बाबा शाहिद के गटे वाले बाबा के गुरुवार को फाग उत्सव मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत गट्टे वाले बाबा के आंगन में गुरुवार की शाम फाग महोत्सव (फूलो की होली) का आयोजन किया है। इस अवसर पर बाबा के आंगन में भजन गायक, श्री गुरु कृपा सत्संग रामायण मंडल के कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाबा जी को फूलों की चादर इत्र लोबान अगरबत्ती, मिठाईयां, फल-फूल व सूखे मेवे, मोती चूर के दाने एवं नमकीन अर्पित कर भोग लगाया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को दौना प्रसादी वितरण की गई।* **-फोटो: राजेश कुमावत**

## जरूरी खबर

### ऑनलाइन धोखाधड़ी करने पर तीन गिरफ्तार



**अलवर।** भारतीय डिजिटल सेवा केंद्र की आईडी देने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने के मामले में पुलिस ने फर्म के डायरेक्टर सहित तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुभाष चंद्र कस्वां पुत्र रामलाल ग्राम पोस्ट झारियाँ जिला चूरू एवं डालचंद जाट पुत्र फूलचंद व नीरज जाट पुत्र देशराज गांव जटवाड़ा अलवर के रहने वाले हैं। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 6 मार्च को परिवादी विक्रांत कुमार ने रिपोर्ट दी कि उसे भारत डिजिटल सेवा केंद्र में रिटेलर बनाने के नाम पर 1 लाख 86 हजार की ठगी कर ली।

### कैंसर जांच एवं नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**चाकसू।** श्रीराजपूत सभा भवन पर 10 मार्च को होने वाले आयोजित निशुल्क कैंसर जांच एवं नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर को लेकर उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रितुराज मीणा की ओर से शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। गौरतलब हैं कि ठाकुर स्व.भंवर सिंह (रिटायर्ड थानेदार) राजकीय सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए के लिए जाने जाते हैं। इनकी सातवीं पुण्य स्मृति में कैंसर सेमिनार एवं जांच शिविर श्रीराजपूत सभा भवन चाकसू में सुबह 10.30 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर संयोजक अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया ने यह जानकारी दी।

### जोधपुर-बठिंडा अबोहर ट्रेन आज से रुकेगी गोटन



जयपुर। रेलवे की ओर से रेल यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-बठिंडा/अबोहर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का आगामी आदेशों तक गोटन स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 14721, जोधपुर-बठिंडा एक्सप्रेस रेलसेवा शनिवार से गोटन स्टेशन पर 16.36 बजे आगमन व 16.38 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14722, अबोहर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक सोमवार से गोटन स्टेशन पर 07.50 बजे आगमन व 07.52 बजे प्रस्थान करेगी।

---

**भाजपा सांसद राहुल कस्वां ने किया शक्ति प्रदर्शन, दो दिन में चुनाव लड़ने की स्थिति साफ करने का ऐलान**

# खुद जयचंदों से घिरे हैं, दूसरों को जयचंद बताते हैं: राहुल कस्वां

**बेधड़क** | चूरू

सांसद राहुल कस्वां चूरू से बीजेपी टिकट कटने के बाद पार्टी से नाराजगी चल रही है। उनके चुनाव लड़ने की अटकले भी हैं। राजगढ़ स्थित अपने आवास पर राहुल कस्वां ने शक्ति प्रदर्शन किया और पार्टी बागी तेवर दिखाए हैं। इस बीच अपनी आगामी रणनीति बताई। शुक्रवार की रैली के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वे चूरू से भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल कस्वां ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आगे की डगर मुश्किल है, हमारे सामने कई चुनौतियां आएंगी,





क्या आप उसके लिए तैयार हैं? राहुल ने कहा कि आपका फैसला मुझे पता लग गया है मुझे दो दिन का टाइम दो, मैं वादा करता हूं कि आपकी इच्छा पूरी करूंगा। साथ ही कहा कि राहुल कस्वां ने राजेंद्र राठौड़ का नाम लिए बगैर कहा कि जो दूसरों को जयचंद बताते हैं, वे खुद जयचंदों से घिरे हुए हैं। बता दें कि चूरू की तारानगर सीट से भाजपा के दिग्गज नेता राजेंद्र राठौड़ विधानसभा चुनाव हार गए थे। कहा गया कि हार के पीछे सांसद राहुल कस्वां का हाथ है, इसी वजह से कस्वां की भाजपा ने अब टिकट काट दी।

### हार जीत के लिए नहीं चुनाव

राहुल कस्वां ने कहा कि हमने हार-जीत के लिए चुनाव नहीं लड़े, बल्कि जनता के काम करवाने, सुख-दुख में साथ देने और विकास के लिए लड़े। अपना दर्द व्यक्त करते हुए सांसद राहुल कास्वां ने सभा में सवाल पूछते हुए कहा कि क्या उनकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत, समर्पण के बारे में कोई संदेह है या क्या वह दागी हैं। आखिर मेरा गुनाह क्या था ?' क्या मैं निष्ठावान नहीं था ? क्या मैं दागदार था ? क्या मैंने चूरू लोकसभा में काम करवाने में कोई कमी छोड़ दी थी ? प्रधानमंत्री जी की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में, मैं सबसे आगे था और क्या चाहिए था ? जब भी इस प्रश्न को मैंने पूछा, सभी निरुत्तर और निःशब्द रहे। कोई इसका उत्तर नही दे पा रहा। शायद मेरे अपने ही मुझे कुछ बता पाएं'।

### मेरा भाला दिल्ली पहुंचाइए, निराश नहीं होने दूंगा: झाझड़िया

चूरू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद शुक्रवार को जिले के दौरे पर आए देवेंद्र झाझड़िया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप एक बार मेरा भाला दिल्ली पहुंचाइए, मैं वादा करता हूं कि आप मुझसे निराश नहीं होंगे। आगे उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक किसान के बेटे को प्रत्याशी बनाया है। यह उनके लिए गर्व की बात है। झाझड़िया ने कहा कि 22 सालों तक वो खेल के क्षेत्र में देश का नाम विदेशों में रोशन किए। अब जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने पहले एक किसान के बेटे को पद्मश्री सम्मान दिया और अब क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। यह उनके लिए गर्व की बात है। इस अवसर मौजूद प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि पीएम मोदी ने एक किसान के बेटे पर विश्वास जताया है, जो अपने आप में बड़ी बात है। देवेन्द्र ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर विदेशों में भारत का नाम रोशन किया है। वहीं, आगे उन्होंने कहा कि साल 2047 तक भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। इधर, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि भाजपा संगठन व कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाली पार्टी है। यहां हर शख्स पार्टी के निर्णय का सम्मान करता है, क्योंकि पार्टी उचित निर्णय लेकर कार्यकर्ताओं को दायित्व देती है।

---

**भारत और जापान की सेना के बीच युद्धाभ्यास, आज होगा समापन**

# हेलिकॉप्टर से उतरकर दुश्मनों के ठिकानों को सेना ने किया तबाह

**बेधड़क** | बीकानेर

भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच 'धर्मा गार्डियन' पाँचवा संयुक्त सैन्य अभ्यास शुक्रवार को भी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में जारी रहा। पिछले बारह दिन से चल रहे इस संयुक्त अभ्यास के जरिए दोनों सेनाएं अपने युद्ध कौशल का परिचय दे रही है।

संयुक्त अभ्यास में भारत की तरफ से राजपुताना राइफल्स बटालियन और जापान की तरफ से 40 सैनिक का एक समूह शामिल हुआ है। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 25 फरवरी से युद्धाभ्यास "धर्मा गार्डियन" चल रहा है। युद्धाभ्यास का शनिवार को समापन होगा। इस दौरान हेलिकॉप्टर से उतरे जवानों ने आतंकी ठिकानों को चारों तरफ से घेरकर आतंकियों को मार गिराया। इस दौरान हेलिकॉप्टर से उतरे जवानों ने आतंकी ठिकानों को चारों तरफ से घेरकर आतंकियों को मार गिराने का प्रदर्शन किया। आतंकी को घायल करने के बाद सेना का डॉग हथियार लेकर भागता हुआ। इससे ये बताया गया कि डॉग स्क्वायड टीम कैसे काम करती है। इस दौरान भारतीय और जापानी सेना के आला अधिकारी भी उपस्थित रहे। जापानी बटालियन कमांडर कर्नल टेमोयुकी कबूटो और कंपनी कमांडर मेजर अबे इसाया ने युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। भारतीय सेना से ब्रिगेडियर आईपी सिंह, कर्नल जॉनी मलिक और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रतीक ने हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

**बाज के सिर पर कैमरा लगाकर लोकेशन की ली जानकारी**



### घर में छिपे आतंकियों का किया खात्मा

युद्धाभ्यास के शुक्रवार को हुए प्रदर्शन में घर में छुपे आतंकियों का खात्मा किया गया। अभ्यास के दौरान एक मकान में आतंकी छिपे हुए हैं। इस जगह को घेरने के लिए जवान थल सेना के हेलीकॉप्टर से नीचे उतरे। उनके साथ भारी भरकम हथियार थे। दोनों देशों के जवानों आतंकियों के खात्मे के लिए संयुक्त योजना बनाई। कई तरह के टेक्निकल सपोर्ट के साथ दुश्मन की लोकेशन को ट्रेस किया गया। इस दौरान एक बाज के सिर पर कैमरा लगाकर उसे भी दुश्मन के क्षेत्र में भेजा गया। लोकेशन मिलने के बाद हमला किया गया।

### डॉग स्क्वॉड ने पकड़ा

इस दौरान एक शख्स को आतंकी मानते हुए उसके पास विस्फोटक सामग्री रखी गई। सेना के डॉग स्क्वॉड ने इस आतंकी को तलाश कर दबोच लिया। आतंकी के हाथ को मुंह में पकड़ लिया। इतना ही नहीं, आतंकी का हथियार भी छीनकर ले आया। इस अभ्यास से सेना ने बताया कि किस तरह डॉग स्क्वॉयड काम करता है। आतंकी ठिकानों का पता चलने पर भारतीय जवान हेलीकॉप्टर से नीचे उतरे।

### बंकरों से हमला

दोनों देशों के जवानों ने मिट्टी के धोरों के बीच बने बंकरों में छिपकर हमले करने की योजना पर भी काम किया। इस दौरान बंकरों में छिपकर दुश्मन पर नजर रखने और मौका मिलते ही बाहर निकलकर हमला किया गया। इस दौरान दुश्मन के रूप में कुछ आकृति बनाकर रखी गई, जिस पर दोनों देशों के जवानों ने अपने-अपने हथियारों से निशाने साधे। धोरों के बीच बने बंकरों में छिपे दोनों देशों के जवानों ने मौका मिलते ही हमला बोल दिया।

### दो चरणों में हुआ अभ्यास

युद्धाभ्यास दो चरणों में हुआ। इसमें कॉम्बेट कंडीशनिंग और टेक्निकल पक्ष पर जोर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशों के तहत सेमी अरबन क्षेत्र में रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने पर जोर दिया गया। इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस स्थापित करने, खुफिया निगरानी ग्रिड बनाने, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करने, दुश्मन के गांव में सर्च ऑपरेशन करने, हेलिबोर्ड ऑपरेशन और बिल्डिंग इंटरवेंशन अभ्यास करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर एक आयुद्ध और सामग्री प्रदर्शन और "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" का प्रदर्शन किया गया, जिसने राष्ट्र की समृद्धि और बढ़ती औद्योगिक क्षमता को दर्शाया।

---

**महिला दिवस: लोकसभा स्पीकर ने वितरित की 191 छात्राओं को स्कूटी**

# संकल्प शक्ति को बढ़ाकर और कठिनाइयों का हराते हुए आगे बढ़े बेटियां



**बेधड़क** | कोटा

शहर के जेडीबी कॉलेज की 191 मेधावी छात्राओं को स्पीकर ओम बिरला ने स्कूटी बांटी । स्कूटी पाकर छात्राओं को चेहरें पर खुशी छा गई। पढ़ाई में उत्कृष्ट परिणाम के लिए राज्य सरकार की योजना के तहत यह स्कूटी बांटी गई। इस मौके पर बिरला ने कहा कि हमें अपनी इन बेटियों को देखकर गर्व होता है। यह भारत की संस्कृति से गहराई से जुड़ी हैं। उनकी सोच आधुनिक है। वे अपनी परम्पराओं को भी सहेजना चाहती हैं। विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए भी दृढ़ प्रतिज्ञा हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक हर क्षेत्र में महिलाओं को अप्रतिम योगदान रहा है। स्पीकर बिरला ने छात्राओं से कहा कि वे रानी लक्ष्मी बाई, सावित्री बाई फुले, काली बाई जैसी विभूतियों से प्रेरणा लें। उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पित भाव से काम किया। राह में कितनी भी चुनौतियां आईं, वे विचलित नहीं हुईं। आपको भी संकल्पशक्ति को बढ़ाते हुए और कठिनाइयों को हराते हुए आगे बढ़ना है। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महिलाओं के सामर्थ्य में अटूट विश्वास है।

इस कारण वे महिलाओं के लिए अवसरों की उपलब्धता के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। बिरला ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहें। स्वयं में अपनी रूचि के अनुरूप कौशल का विकास करें यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम को कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक गीताराम शर्मा, जेडीबी गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य अजय विक्रम सिंह चन्देल, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सीमा चौहान तथा छात्रा संघ अध्यक्ष शिविनी दुबे ने भी संबोधित किया।

---

**'ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद' क्विज-2024 प्रतियोगिता**

# प्रथम आने वाले को मिलेगी बाइक

**बेधड़क** | जयपुर

ईआरसीपी की स्वीकृति देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद स्वरूप पानी वाले बाबा भामाशाह रामनिवास मीना और युवा आइकॉन रविन्द्र मीना की ओर से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के आमजन के लिए ऑनलाइन ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024 प्रतियोगिता में महिलाएं बड़ी उत्साह से भाग ले रही है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज- 2024 प्रतियोगिता में विश्व महिला दिवस के दिन शुक्रवार को 10 हजार से ज्यादा महिलाओं ने बेवसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया और ईआरसीपी से संबंधित सवालों के जबाव दिए। इस योजना में 10 मार्च तक इस बेवसाइट पर विजिट कर या निर्धारित क्यूआर कोड स्कैन कर अपना रजिस्ट्रेशन करने के साथ प्रतियोगिता में पूछे गए ईआरसीपी से संबंधित सवालों के जबाव दिए जा सकते हैं। प्रतियोगिता में 15 मार्च को विजेताओं की घोषणा कर दी जाएगी। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ अन्य विजेताओं की भी घोषणा की जाएगी। प्रथम विजेता को मोटर साइकिल, द्वितीय को लेपटॉप और तृतीय को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। इसके साथ अन्य विजेताओं में 13 जिलों में रहने वाले प्रतियोगियों को प्रत्येक जिले में 100 के आधार पर चांदी के सिक्के भी दिए जाएंगे। भामाशाह रामनिवास मीना और रविन्द्र मीना ने बताया कि भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए बडी सौगात दी है।

---

**मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का लोकार्पण समारोह में सांसद सुमेधानंद ने कहा...**

# मोदी की महिलाओं के प्रति अपार श्रद्धा

**बेधड़क** | सीकर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम भजनलाल शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बनाए गए मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का वर्चुअल लोकार्पण किया।

इस दौरान सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा- 4.15 करोड़ रुपए की लागत से बने 75 लोगों की कैपेसिटी वाले इस पुनर्वास गृह में वृद्ध, निराश्रित, दिव्यांग, बेसहारा लोग रहेंगे। भवन में ऐसे लोगों को सहारा मिलेगा जो बेसहारा हैं, निराश्रित हैं। साथ ही बेसहारा लोगों की देखभाल की जाएगी। गुणवत्ता वाला भोजन भी दिया जाएगा। सरस्वती ने कहा कि आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज को चार भागों में बांट दिया है, महिला, युवा, किसान, गरीब। मोदी की महिलाओं के प्रति अपार श्रद्धा है और गरीबी को उन्होंने देखा और भुगता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नरेश बरोठिया ने बताया कि सीकर में पुनर्वास गृह का निर्माण भरतपुर जिले में बने 'अपना घर' गृह की तर्ज पर किया गया है। पुनर्वास गृह को संचालित करने के लिए जिला कलक्टर ने एक कमेटी का गठन किया है जो पॉलिसी के अनुसार इसका संचालन करेगी।



---

**विधायक बाबूसिंह राठौड़ और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अदावत बढ़ी**

# केंद्रीय मंत्री शेखावत का विरोध तेज, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ के बीच आपसी खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है।

शेखावत का भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह की ओर से विरोध करने पर यह खींचतान और चरम पर पहुंच रही है। इस बीच बयान बाजी तेज हो गई। भाजपा विधायक संजीवनी बाबू सिंह राठौड़ ने क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'लोगों के पैसे डूब गए और जब लोग शेखावत के पास गए तो मदद नहीं की।' दरअसल, केंद्रीय मंत्री शेखावत बीते गुरुवार को शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। इस दौरान शाम करीब 7 बजे चामू थाना के भालू रतनगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके विरोध में नारे लगाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर देर रात 2 बजे कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया था। इसके बाद विधायक बाबू सिंह थाने पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए थे। थोड़ी देर बाद वे धरने से उठ गए। विधायक और उनके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह 7 बजे दोबारा धरना शुरू किया।



एसपी ग्रामीण धर्मेंद्र यादव की समझाइश के बाद दोपहर 2 बजे धरना समाप्त किया गया। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा से मिलेंगे। वहीं गुरुवार रात की है, जब विधायक बाबू सिंह की एडिशनल एसपी जयदेव सिहाग के साथ बहस हो गई थी। कार्यकर्ताओं ने भालू रतनगढ़ में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को काले झंडे दिखाए थे।

### यूं हो गया मामला तेज

पूरा मामला गुरुवार शाम को शुरू हुआ था। केंद्रीय मंत्री शेखावत एंबुलेंस का लोकार्पण करने शेरगढ़ आए थे। यहां से भालू रतनगढ़ पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके विरोध में नारे लगाना शुरू कर दिया था। विरोध बढ़ता देख शेखावत अंबेडकर चौराहा, भूंगरा गांव से होते हुए मल्लीनाथ सर्किल पहुंचे। शेखावत को यहां भी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर काले झंडे दिखाए थे। इसके बाद शेखावत भालू रतनगढ़ पंचायत में एनीकट का लोकार्पण करने पहुंचे। उन्होंने जैसे ही भाषण शुरू किया, वहां मौजूद लोगों ने नारेबाजी करना शुरू कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने समझाइश की, लेकिन नहीं माने। इसके बाद चामू थाना अधिकारी ने 10 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### सरपंच को पकड़ने पर मामले ने पकड़ा तूल

पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद दबिश देकर कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया था, जिसमें शेरगढ़ विधायक के कई समर्थक भी थे। इस दौरान एक टीम देर रात जवाहर नगर पहुंची और सरपंच हरि सिंह को हिरासत में लेकर थाने ले जाने लगी। विधायक को पता चला तो वे भी थाने की तरफ रवाना हुए। बीच रास्ते में पुलिस की गाड़ी रुकवा कर हिरासत को लेकर सवाल-जवाब किए। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस अधिकारी और विधायक के बीच तकरार बढ़ गई। विधायक से पुलिस अधिकारी ने कहा कि पथराव किया गया था तो विधायक ने इसका सबूत मांगा। विधायक को कहा गया कि उनके पास वीडियो है। इस बीच जब पुलिस अधिकारी ने विधायक को बीच रास्ते से हटने को कहा तो विधायक बिफर गए। वे बोले- ये मेरा रास्ता है। आप बिना नोटिस के किसी के घर कैसे जा सकते हो। अब ये बात बहुत बढ़ेगी। फिर क्या होगा, वो आपको पता चल जाएगा।

### इन पर दर्ज हुआ मामला

चामू थाना अधिकारी ओमप्रकाश की ओर से आईपाल सिंह, नाथू सिंह, मग सिंह गड़ा, हरि सिंह, उम्मेद सिंह, मनोहर सिंह, चंदन सिंह, राम सिंह, उगम सिंह, नखताराम, चंदू प्रजापत के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध करने, भीड़ को उकसाने, मंच पर लगे टेंट के पीछे से पत्थर फेंकने और पुलिस जाब्ते के साथ धक्का-मुक्की करने को लेकर धारा 143, 332, 353 और 336 में मामला दर्ज करवाया गया।

### केरल के स्कूल में तैयार हुआ देश का पहला एआई ह्यूमनॉइड

# टीचर की सजा और सख्ती से परेशान हैं तो आपको भाएगी 'आइरिश'

**बेधड़क** | जयपुर

क्या आप ज्यादा सवाल पूछने पर अपने शिक्षक के झुंझलाने से परेशान हैं, या आपको डर लगता है कि अगर आपने किसी सवाल का गलत जवाब दिया तो आपका शिक्षक आपकी सबके सामने 'खबर' ले सकता है तो आपके लिए पेश है 'आइरिश'।

केरल के कल्लाम्बलम में केटीसीटी हायर सैकेंडरी स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब में मेकर्सलैब ने 'आइरिश' नाम का एआई टीचर विकसित किया है जो देश में शिक्षा का भविष्य हो सकता है। हालांकि यह शिक्षकों का विकल्प नहीं बन सकता लेकिन शिक्षा प्रणाली की तस्वीर जरूर बदल सकता है। 8वीं कक्षा के छात्र और मेकर्सलैब की टीम के साथ काम कर रहे एक छात्र अभिजीत ने बताया कि हमारा अगला कदम आइरिश को आंखें देना है ताकि वह प्रत्येक छात्र की पहचान कर सके और उनके सवालों का जवाब दे सके। इससे वह अधिक इंटरैक्टिव और पूरी तरह से स्वचालित हो जाएगी। मेकरलैब्स एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब की एक पहल के हिस्से के रूप में इस एआई-आधारित शिक्षक के विकास में लगा हुआ है। अभी यह एआई शिक्षक शोर के बीच बच्चों के सवालों का जवाब नहीं दे पाता।



स्कूल के बच्चे इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं, खासकर केजी के निचले स्तर के छात्र। वे इस शिक्षक को पसंद करते हैं क्योंकि वह कभी गुस्सा नहीं होती, चिढ़ती नहीं है और हमेशा उनके सवालों का जवाब रखती है। वह सवाल भी नहीं पूछती और कभी होमवर्क नहीं देती।

#### बच्चों को कहानी भी सुना सकती है यह टीचर

देश की पहली एआई शिक्षक आइरिस आवाज को टेक्स्ट में और टेक्स्ट को आवाज में बदलने की क्षमता के साथ जेनरेटिव एआई सिद्धांत पर काम करती है। यह तीन भाषाओं को संभाल सकती है और अनुरोध पर छात्रों से हाथ भी मिला सकती है। यह बच्चों को कहानियां भी सुना सकती है। स्कूल की शिक्षक मीरा सुरेश के मुताबिक हमारे पास ऐसे शिक्षक हैं जो अपने विषय में विशेषज्ञ हैं। लेकिन एआई शिक्षक सभी विषयों में विशेषज्ञ हैं और सवालों का जवाब देने से कभी नहीं थकते। आइरिस ह्यूमनॉइड चार पहियों पर चलता है, अपना सिर दोनों तरफ घुमाता है और अपने हाथों को भी हिला सकता है। माइक्रोफ़ोन को आइरिस पर एक हार के रूप में रखा जाता है, और यह वापस बात करने के लिए एक स्पीकर का उपयोग करता है।

## Yuva स्टोरीज

### अपनी उपलब्धियों के लिए सम्मानित हुईं 50 महिलाएं




**बेधड़क** | नई दिल्ली।

एपेक्स कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान समारोह एवं ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए बेहतर काम करने के लिए 50 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए निशुल्क मेमोग्राफी टेस्ट का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनू गोयल, डॉ. अदिति मित्तल और गायनोकॉलोजिस्ट मल्लिका स्वरूप ने सभा को संबोधित करते हुए कैंसर रोग एवं महिला रोगों को लेकर अवेयरनेस फैलाई। एपेक्स हॉस्पिटल की निदेशक कुंझु झंवर ने इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाएं सभी फील्ड में बेहतर कर रही है, ऐसे में इन्हें स्वास्थ्य का भी खयाल रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर को यदि शुरूआती अवसर पर डिटेक्ट कर लिया जाए तो इसका पूरी तरह से इलाज संभव है। इस अवसर पर यूनिट हैड ऋतुराज सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की ओर से महिलाओं के वेलफेयर में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। आयोजन का संयोजन दीपक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में एंप्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान एनके जैन ने सभी महिलाओं को पूरा सहयोग किए जाने का वायदा किया।

### फाउंडेशन, इंटरमीडिएट में अब तीन मौके

**जयपुर**। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट एग्जाम के लिए अब साल में तीन मौके देगा। आईसीएआई की काउंसिल बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए रोहित रुवाटिया ने बताया कि यह परीक्षा जनवरी, जून और सितंबर में होगी। पहला मौका जून 2024 में मिलेगा। इंटर और फाइनल में 2-2 पेपर छात्र सेल्फ पेस्ड लर्निंग के माध्यम से कहीं पर भी दे सकते हैं। आईसीएआई सेल्फ पेस्ड लर्निंग जल्द शुरू करेगा। इंटर और फाउंडेशन के लिए अब तक साल में दो मौके मिलते थे। अब उनकी संख्या तीन कर दी गई है। ऐसे में जो छात्र पहली बार में परीक्षा पास नहीं कर पाते थे और बैक लगती थी, उन्हें उसी साल परीक्षा देने का एक और मौका मिलेगा। नई स्कीम के तहत छात्र अब तीन वर्ष की जगह दो वर्ष की ट्रेनिंग करके पढ़ाई 4 वर्ष में पूरी कर सकेंगे। गौरतलब है, देश में 8 लाख स्टूडेंट्स सीए की पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें फाउंडेशन व इंटरमीडिएट वाले 5 लाख हैं। इन्हें बदलाव का फायदा मिलेगा। फाइनल परीक्षाएं पहले की तरह साल में 2 बार होंगी।

ICAI
Institute of Chartered Accountants of India

### 237 विद्यालय बने पीएमश्री

**जयपुर**। पीएमश्री विद्यालय योजना के द्वितीय चरण में प्रदेश के 237 पीएमश्री विद्यालयों का चयन किया गया है। आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि केन्द्र प्रवर्तित पीएमश्री विद्यालय योजना में अब तक राज्य के कुल 639 विद्यालयों का चयन किया जा चुका है। द्वितीय चरण में अजमेर में 10, अलवर में 12, बांसवाड़ा में 7, बांरा में 6, बाड़मेर में 8, भरतपुर में 7, भीलवाड़ा में 10, बीकानेर में 7, बूंदी में 7, चित्तौड़गढ़ में 4, चूरू में 9, दौसा में 6, धौलपुर में 6, डूंगरपुर में 4, हनुमानगढ़ में 7, जयपुर में 7, जैसलमेर में 3, जालौर में 8, झालावाड़ में 4, झुन्झनू में 9, जोधपुर में 5, करौली में 5, कोटा में 5, नागौर में 12, पाली में 12, प्रतापगढ़ में 5, राजसमन्द में 8, सवाईमाधोपुर में 3, सीकर में 14, सिरोही में 4, श्रीगंगानगर में 7, टोंक में 8 व उदयपुर में 8 विद्यालयों का चयन किया गया है। योजना में प्राप्त बजट से चाईल्ड फ्रेंडली फर्निचर, अधिगम संवर्धन कार्यक्रम, 21वीं सदी के कौशल, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, एक्सपोजर विजिट, डिजिटल लाईब्रेरी, बालिकाओं के लिए किशोरावस्था कार्यक्रम, व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत इंटर्नशिप, गाईडेंस एवं कॅरिअर काउंलिंग, हरित विद्यालय गतिविधियां, सामुदायिक गतिशीलता, खेल मैदान, सामग्री, हैल्थ केम्प व आधारभूत संरचनात्मक मजबूती के कार्य किए जाएंगे।

### केंद्रीय संस्कृत संस्थान में रूपक महोत्सव

# 'पलाण्डुमण्डन' में मंच पर उतरा ब्राह्मणों का विवाद



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत संस्थान जयपुर परिसर में चल रहे 20वें अखिल भारतीय रूपक महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को देश के अलग-अलग भागों से आए छात्रों की प्रतिभा मुखर हो उठी। निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को प्रतिभागियों ने विभिन्न नाटकों का प्रदर्शन किया।

प्रो. कुलदीप शर्मा के संयोजन में चल रहे कार्यक्रम में श्री लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की ओर से 'पलाण्डुमण्डनम्', केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर की ओर से 'भगवदज्जुकीयम्', कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 'बण्डुः अभिनयं करोति', केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर, केरल के प्रतिभागियों की ओर से 'कुहनाभैक्षवम्' तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के विद्यार्थियों द्वारा 'स्नुषाविजयम्' नाटकों का मंचन किया गया। संयोजक प्रो. वाईएस रमेश ने बताया कि रूपक महोत्सव का सम्पूर्त्ति समारोह शनिवार शाम 3.30 बजे आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि लोकायुक्त राजस्थान सरकार प्रताप कृष्ण लोहरा होंगे। अध्यक्षता कुलपति केंद्रीय संस्कृत विवि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित अनुपमा होसकेरे शामिल होंगी।



इस अवसर पूर्व निदेशक, जयपुर परिसर प्रो. अर्कनाथ चौधरी, निदेशक जम्मू परिसर प्रो. श्रीधर मिश्र, पूर्व निदेशक प्रो. भगवती सुदेश, प्रो. रामकुमार शर्मा, प्रो. शिवकान्त झा, प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय, प्रो. कृष्णा शर्मा, डॉ. रानी दाधीच, डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता, डॉ. नमित्ता मित्तल, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. धर्मपाल प्रजापत, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. सुभाष चन्द्र मीना सहित सैकड़ों संस्कृत विद्वान् एवं अनुरागी उपस्थित रहेंगे।

#### प्रहसनों ने रचा मनोरंजन और प्रभावी संदेश का ताना बाना

शुक्रवार को प्रस्तुत हास्य-व्यंग्य नाटक 'पलाण्डुमण्डन' के माध्यम से उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों की अलग जीवनशैली का चित्रण किया गया। मांस भक्षण को लेकर इन ब्राह्मणों के संवादों ने मनोरंजन का अद्भुत संसार रचा। 'भगवद्ज्जुकीयम्' नाटक के माध्यम से समाज में हीन समझे जाने वाले पात्र गणिका के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक रहस्यों का उद्घाटन किया गया। 'बण्डुः अभिनयं करोति' रूपक के माध्यम से पारिवारिक खुशियों की महत्ता की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। 'कुहनाभैक्षवम्' रूपक में सांसारिकता, अधार्मिक प्रवृत्तियों जैसे गंभीर एवं सामाजिक विषय को त्यागने का हास-परिहास के माध्यम से संदेश दिया। 'स्नुषाविजयम्' में कलाकारों ने बताया कि समाज में स्त्री ही स्त्री की शत्रु होती है। इससे पहले 'मर्त्यचातुर्यम्' प्रहसन में अपनी चतुराई से अपमृत्यु से बचने वाले वंचक की कथा ने सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।



### परीक्षा 9 जून को

# बीएड कोर्स में प्रवेश के लिए PTET-2024 के आवेदन शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (वीएमओयू) ने राजस्थान प्री-टीचर एजुकेशन टेस्ट (पीटीईटी)-2024 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, राजस्थान पीटीईटी-2024 परीक्षा 9 जून को आयोजित होगी। राजस्थान पीटीईटी-2024 आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

यह परीक्षा विभिन्न संस्थानों में दो वर्षीय बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) और चार वर्षीय बैचलर ऑफ साइंस बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएससी-बीएड), बैचलर ऑफ आर्ट्स बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीए-बीएड) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। राजस्थान में योग्य उम्मीदवार राजस्थान पीटीईटी-2024 के लिए आधिकारिक वेबसाइट ptetvmou2024.com के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। जो उम्मीदवार राजस्थान पीटीईटी 2024 के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें ऑनलाइन भुगतान विधियों या चालान मोड के माध्यम से 500 रुपए का आवेदन शुल्क जमा कराना होगा।

#### ये है योग्यता

उम्मीदवारों को राजस्थान में किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, स्नातकोत्तर होना आवश्यक है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को न्यूनतम 50% अंकों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। राजस्थान की अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), विधवा, तलाकशुदा महिला उम्मीदवारों के पास कम से कम 45% अंक होने चाहिए। बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए), बैचलर ऑफ कॉमर्स (बीकॉम), बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी), शिक्षा शास्त्री, मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए), मास्टर ऑफ कॉमर्स (एमकॉम), मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) के अंतिम वर्ष के उम्मीदवार या आचार्य पाठ्यक्रम कर चुके छात्र भी राजस्थान पीटीईटी- 2024 परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**पहल** | **AICTE देगा 3 हजार छात्राओं को सालाना 7.5 करोड़ की छात्रवृत्ति**

# गर्ल स्टूडेंट्स की उड़ान को लगेंगे स्कॉलरशिप के पंख

**बेधड़क** | जयपुर

बीबीए, बीसीए और बीएमएस कर रही छात्राओं के लिए खुशखबरी है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने इन कोर्सेज की छात्राओं के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। इस योजना की घोषणा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता आईसीटीई के अध्यक्ष टीजी सीतारम ने की।



एआईसीटीई ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को सालाना कुल 3000 छात्रवृत्तियां दी जाएंगी। एआईसीटीई सालाना 7.5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित करेगी। चयनित छात्राओं को तीन साल तक सालाना 25000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। नई छात्रवृत्ति केवल एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थानों से बीबीए, बीसीए और बीएमएस पाठ्यक्रम करने वाली छात्राओं के लिए समर्पित है। योजना की घोषणा करते हुए, एआईसीटीई अध्यक्ष ने कहा कि एआईसीटीई महिलाओं को सशक्त बनाने और तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा में उनकी पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए प्रयास करता रहता है। इंजीनियरिंग में छात्राओं के लिए, हमारे पास प्रगति योजना है।

उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई क्योंकि इस साल से बीबीए, बीसीए और बीएमएस स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम एआईसीटीई के दायरे में आ गए हैं। एआईसीटीई अध्यक्ष ने कहा कि एआईसीटीई में, हम एक समावेशी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां महिलाएं न केवल आगे बढ़ेंगी बल्कि इंजीनियरिंग और प्रबंधन के भविष्य को आकार देने में भी नेतृत्व करेंगी।

#### अमेजन करेगा महिला छात्रों का स्किल डेवलपमेंट

एआईसीटीई ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी विभिन्न पहलों के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अनुरूप, एआईसीटीई ने प्रगति छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। योजना के तहत मेधावी महिला छात्रों को सालाना कुल 5000 छात्रवृत्तियां वितरित की जाती हैं। इसके अलावा एआईसीटीई महिलाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए तकनीकी दिग्गजों के साथ भी सहयोग करने जा रही है। ऐसे ही एक सहयोग में, अमेजन इंडिया भारत भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकित महिला छात्रों को अमेजन WoW (वूमन्स ऑफ वर्ल्ड) पहल के तहत प्रौद्योगिकी उद्योग में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेगा। एआईसीटीई के टेकसक्षम कार्यक्रम (टीएसपी) के तहत 2021 से 19000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 14000 महिला छात्र हैं। एआईसीटीई ने महिला छात्रों को अपशिष्ट प्रबंधन में उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम (डब्ल्यूईडब्ल्यूपी) में महिला उद्यमिता भी शुरू की है।

# दिन है सुहाना, आज पहली तारीख है...




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


कमर जलालाबादी अपने नाम के ही मुताबिक फिल्मी दुनिया आकाश के 'कमर' थे। ऐसे चांद, जिनके गानों से दिल आज भी मुनव्वर होते हैं। पूरी चार दहाई तक उनका फिल्मों से वास्ता रहा और इस दौरान उन्होंने अपने चाहने वालों को अनेक सदाबहार, मदहोश कर देने वाले नगमे दिए। वह किस अंदाज के नगमा निगार थे, इसके लिए सिर्फ एक छोटी सी मिसाल काफी है। फ़िल्म 'हावड़ा ब्रिज' के मस्ती और शोखी भरे गीत 'मेरा नाम चिन चिन चूं' और 'आइए मेहरबां बैठिए जाने जां, शौक से लीजिए जी इश्क के इम्तिहां' उन्हीं की बेजोड़ कलम से निकले थे। सूबा पंजाब में अमृतसर के पास एक छोटे से कस्बे 'जलालाबाद' में 9 मार्च, 1917 को जन्मे कमर जलालाबादी का असल नाम ओम प्रकाश भण्डारी था। शायरी से मुहब्बत ने उन्हें 'कमर' जलालाबादी बना दिया। साल 1942 में मशहूर ड्रामा-निगार सैयद इम्तियाज अली 'ताज' की सिफारिश पर उन्हें पंचोली पिक्चर्स की फिल्म 'जमींदार' में गीत लिखने का मौका मिला। इस फिल्म के संगीतकार साहिब-ए-फन गुलाम हैदर थे। 'जमींदार' के सभी गाने हिट हुए। खास तौर पर शमशाद बेगम द्वारा गाया गीत 'दुनिया में गरीबों को आराम नहीं मिलता'। इस फिल्म की कामयाबी से 'कमर' जलालाबादी को 'प्रभात' फिल्म कंपनी, पूना में काम मिल गया। 'प्रभात पिक्चर्स' के साथ उन्होंने फिल्म 'चांद' साइन की। इस फिल्म के मौसिकार हुस्नलाल भगतराम थे। इत्तेफाक से 'चांद' उनकी भी पहली फिल्म थी। इस फिल्म के गाने भी खूब मकबूल हुए। 'दो दिलों को यह दुनिया मिलने नहीं देती' गाने ने खूब धूम मचाई। 'चांद' के बाद प्रभात स्टुडियो की 'गोकुल', 'रामशास्त्री' और 'गोकुल' के गाने भी 'कमर' जलालाबादी ने लिखे। फिल्म 'गोकुल' ने सिल्बर जुबली मनाई।

फिल्म 'गोकुल' के गानों की कामयाबी ने 'कमर' जलालाबादी के लिए मुंबई की राह आसान कर दी। साल 1946 में वे मायानगरी मुंबई पहुंच गए। पहुंचते ही उन्हें फिल्म 'प्यार की जीत', 'शहीद' और 'शबनम' फिल्मों में गाने लिखने का मौका मिल गया। साल 1948-49 में रिलीज हुई, ये तीनों ही फिल्में सुपर हिट रहीं और गानों ने भी पूरे देश में धूम मचा दी। गानों की लोकप्रियता का आलम यह था कि 'इक दिल के टुकड़े हजार हुए', 'ओ दूर जाने वाले, वादा न भूल जाना' (फिल्म-प्यार की जीत), 'बदनाम न हो जाए मुहब्बत का फसाना' (फिल्म-शहीद), 'तुम्हारे लिए हुए बदनाम', 'किस्मत में बिछड़ना था' (फिल्म-शबनम) उस वक्त गली-गली में गूंजे। इन फिल्मों की कामयाबी ने 'कमर' जलालाबादी को फिल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। उनके पास फिल्मों में गाने लिखने के लिए लाइन लग गई। काम की मसरूफियत कुछ इस कदर थी कि निर्माता-निर्देशक राज कपूर को भी उन्हें इंकार करना पड़ा। अलबत्ता बाद में उन्होंने राज कपूर की फिल्म 'छलिया' के गाने लिखे। जो बेहद मकबूल हुए। फिल्म का शीर्षक गीत 'छलिया मेरा नाम..' के अलावा 'डम डम डीगा डीगा' और 'तेरी राहों में खड़े हैं दिल थाम के' जैसे गानों ने फिल्मी दुनिया में कमर जलालाबादी का स्टारडम और बढ़ा दिया। साल 1958 में आई उनकी फिल्म 'फागुन' के भी सभी गाने सुपर हिट हुए। 'हावड़ा ब्रिज' के गानों की तरह मौसिकार ओपी नैय्यर और कमर जलालाबादी की जोड़ी ने इस फिल्म में भी अपने गीत-संगीत का जादू जगाया। खास तौर पर फिल्म 'फागुन' के 'एक परदेसी मेरा दिल ले गया', 'मैं सोया अखियां मीचे, तेरी जुल्फों के नीचे' और 'पिया-पिया न लागे मोरा जिया' गाने खूब चले।

कमर जलालाबादी ने यूं तो फिल्म की सिचुएशन और जरूरत के मुताबिक हर रंग, अंदाज के गीत लिखे, लेकिन महबूब की जुदाई और गम-उदासी में डूबे नगमे लिखने में उनका कोई जवाब नहीं था। इंसानी जज्बात को वे अपने नगमों में इस खूबसूरती से पिरोते कि सबको भा जाता था। आम जबान में लिखे उनके गीतों में जिंदगी के गहरे मायने छिपे रहते थे। 'दोनों ने किया था प्यार मगर' (फिल्म-महुआ), 'मैं तो एक ख्वाब हूं' (फिल्म-हिमालय की गोद में), 'दीवानों से यह मत पूछो' (फिल्म-उपकार), 'मैं कैसे कहूं टूटे हुए दिल की कहानी' (फिल्म-नरगिस), 'कोई दुनिया में हमारी तरह बर्बाद न हो' (फिल्म-प्यार की जीत), 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' (फिल्म-छलिया), 'फिर तुम्हारी याद आई ए सनम' (फिल्म-रुस्तम सोहराब), 'मुहब्बत जिंदा रहती है, मुहब्बत मर नहीं सकती' (फिल्म-चंगेज खान) फिल्मी दुनिया में गीतकारों को जिंदगी के हर रंग, मनो भाव के लिए गीत लिखने होते हैं। कमर जलालाबादी ने ऐसा ही एक गीत फ़िल्म 'पहली तारीख' के लिए लिखा था। संगीतकार सुधीर फड़के के संगीत निर्देशन में गायक किशोर कुमार ने कमर जलालाबादी के लिखे मस्ती भरे बोलों 'दिन है सुहाना आज पहली तारीख है, खुश है जमाना आज..' को उसी मस्ती और चुहल भरे अंदाज़ में गाकर इस गीत को अमर बना दिया। ये फलसफा, ये गहरी सोच एक मुद्दत के तजुर्बे से हासिल होती है। कमर जलालाबादी ने दुनिया की पाठशाला से जो कुछ भी सीखा, वह अपने चाहने वालों को गजलों, नगमों के मार्फत वापस लौटाया। फिल्मी दुनिया में एक लंबी उम्र गुजारने के बाद, वे उस दुनिया में चले गए, जहां से फिर कोई लौटकर दोबारा नहीं आता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**गीतकार कमर जलालाबादी की जयंती**



*"'दो दिलों को यह दुनिया मिलने नहीं देती' गाने ने खूब धूम मचाई। 'चांद' के बाद प्रभात स्टुडियो की 'गोकुल', 'रामशास्त्री' और 'गोकुल' के गाने भी 'कमर' जलालाबादी ने लिखे। फिल्म 'गोकुल' ने सिल्बर जुबली मनाई।"*

**खतरे की घंटी: बिगड़ रहा है पारिस्थितिकी संतुलन**

# जब हमें ही नहीं चिंता तो कैसे बचेंगे पेड़!




ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्


*"कोरोना महामारी के काल में सर्वत्र ऑक्सीजन के लिए हाहाकार मचा, लेकिन किसी ने भी पेड़ काटने पर कभी मुंह नहीं खोला। उस समय हम अपनी कही जाने वाली सरकारों के आगे बौने बने रहे। हां, गौरादेवी का विरोध और उससे उपजे चिपको आंदोलन, जिसमें सुंदरलाल बहुगुणा और चंडी प्रसाद भट्ट की भूमिका अहम थी, की बात ही निराली है, जिसने पेड़ों के अस्तित्व के लिए न केवल संघर्ष किया, बल्कि उस समय की सरकारों को इस बाबत नीति बनाने पर विवश भी किया।"*

बीते दिनों जीवनदायी पेड़ों के संरक्षण से संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कहें या फैसले ने यह साबित कर दिया कि देश की सुप्रीम अदालत पेड़ों के प्रति कितनी संवेदनशील है। उसने अपने आदेश में कहा कि सरकारें पेपेड़ों की संरक्षक हैं। पेड़ों को कटने से बचाने का दायित्व राज्य का है। हमें हर पेड़ को बचाना होगा। दरअसल यह निर्ण य ताज ट्रैपोजियम जा`न यानी टीटीजैड में सड़क परियोजना के लिए 3,874 पेड़ काटे जाने से जुड़ी एक जनहित याचिका से जुड़ा है।

गौरतलब है कि 10,400 वर्ग किलोमीटर में उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस व एटा तथा राजस्थान के भरतपुर जिले तक फैले इस ताज ट्रैपेजियम जोन के तहत दुनिया की अजीमुश्शान बेशकीमती इमारत ताजमहल एवं इसके आसपास के क्षेत्र के संरक्षण से जुड़ी यह याचिका की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि वह आगरा-जलेसर-एटा रोड के प्रस्तावित मार्ग का स्केच उपलब्ध कराए और सीईसी से कहा कि वह कुछ पेड़ों को बचाने की संभावना के बारे में अदालत को सूचित करें। प्रदेश सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि डिवीजनल फारेस्ट आफिसर कुछ पेडों के ट्रांसलोकेशन की संभावना पर अपनी रिपोर्ट दें। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद- 51 ए के मुताबिक पेड़ों को बचाना देश के हर नागरिक का दायित्व है।

यहां इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगरा जिले में एक नये पेट्रोल पंप के लिए टीटीजैड में पेट्रोल पंप तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 28 पेड़ों को काटने की इजाजत दिए जाने से संबंधित याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी।

देखा जाए तो देश में आजकल पेड़ों और जंगलों की कटाई का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। समझ नहीं आता कि सरकार पेड़ों/जंगलों के खात्मे पर क्यों तुली है जबकि यह जगजाहिर है कि पेड़ों/जंगलों के खात्मे का दुष्परिणाम पर्यावरण पर तो पड़ता ही है, इससे पारिस्थितिकी संतुलन भी बिगड़ता है। वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी होती है और प्रदूषण में बढ़ोतरी का स्तर हमारे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सबसे बड़ी बात यह कि जब हानिकारक गैसों और किरणों को रोकने के लिए धरती पर कोई पेड़ ही नहीं होगा तो धरती पर जीवित प्राणियों का अस्तित्व कैसे बचेगा? जंगलों की कटाई से न केवल पेड़ों का खात्मा हो रहा है, बल्कि वन्य जीवों के आवास को भी खत्म किया जा रहा है। एक ओर सरकार वनों का विनाश कर वन्यजीवों के आवास को खत्म कर रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं वन्य जीवों के लिए अभयारण्य बनाने पर जोर-शोर से लगी है। छतरपुर के समीप बकस्वाहा के जंगल जिसे हीरा खनन के लिए 50 साल के पटटे पर दिया गया, इसी साजिश का नतीजा है। गौरतलब है कि पेड़ों का हमारे जीवन में कितना महत्व है। इससे सभी भलीभांति परिचित हैं। यह भी कि पेड़ों के कटान से जहां हमारे प्राकृतिक परिवेश से हरियाली का खात्मा होता है, हवायुक्त छाया में कमी आती है, वहीं आंधी और बाढ़ जैसी आपदाओं में बढा`तरी होती है,भूमिगत जलस्तर में कमी आती है जो पेयजल संकट का कारण बनता है। पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, पर्यावरण में जहरीली गैसों का स्तर बढ़ता है और जैवविविधता की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जाती है। जल प्रदूषण बढ़ता है, गर्मी बढ़ती है और मानव स्वास्थ्य जैसे फेफड़ों और श्वसन समस्याओं से संबंधित बीमारियों में बढ़ोतरी होती है। यह भी कि पेड़ अपनी जड़ों से मिट्टी को बांधे रखता है और मृदा का अपरिदमन नहीं होने देता। पेड़ जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं। जंगलों का खात्मा कर हम मानव और पर्यावरण के पक्ष में जंगलों द्वारा की गई सभी सकारात्मक गतिविधियों को अवरुद्ध कर रहे हैं जो मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी और महत्वपूर्ण हैं। इस तरह हम मौसमी बदलाव, ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों के पिघलने, ओजोन परत को कमजोर करने, तूफान, चक्रवात, बाढ़, सूखा जैसे प्राकृतिक प्रकोपों के जोखिमों को और बढ़ने को आमंत्रण दे रहे हैं। जबकि भावी भविष्य में जीवन को बचाने हेतु पर्यावरण के प्राकृतिक चक्रों को बनाए रखने के लिए पेड़ों को बनाए रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा को कम करने व ताजा और स्वस्थ ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए वनों का संरक्षण बेहद जरूरी है।

अब यह समाज और पर्यावरण के लिए वैश्विक समस्या बन चुकी है जो धरती पर जीवन के विनाश का संकेत है। उसके बावजूद देश में विकास के नशे में मस्त सरकारें जंगल के जंगल तबाह करने पर तुली हैं। वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में उत्तरोत्तर वृद्धि इसी का दुष्परिणाम है। दुनिया के वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के प्रति बरसों से चेता रहे हैं, लेकिन हमारे देश में ही नहीं रूस, अफ्रीका, चीन, इंडोनेशिया आदि देशों से भी हरित संपदा का दिन ब दिन छय होता जा रहा है। यूएनओ की मानें तो हर साल एक फीसदी की दर से दुनिया में जंगल कट रहे हैं। ग्लोबल वाच के डर्क ब्राइंट की मानें तो आने वाले बीस साल में दुनिया से चालीस फीसदी जंगल साफ हो जाएंगे।

असलियत है कि हमने पेड़ और ऑक्सीजन की कीमत कभी पहचानी ही नहीं। जहां से हमें मुफ्त में ऑक्सीजन मिलती हैं, उन करोड़ों

पेड़ों को हर साल पर्यटन, ऑल वैदर रोड, एक्सप्रेस वे, फोर लेन, आठ लेन की सड़क बनाने या औद्योगिक विकास के नाम पर काटते रहे हैं। यह देश के भाग्य विधाताओं ने कभी सोचना गवारा नहीं किया कि इससे पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र व जैव विविधता पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा। वन्य जीवन प्रभावित होगा सो अलग। कोरोना महामारी के काल में सर्वत्र ऑक्सीजन के लिए हाहाकार मचा लेकिन किसी ने भी पेड़ काटने पर कभी मुंह नहीं खोला। उस समय हम अपनी कही जाने वाली सरकारों के आगे बौने बने रहे। हां गौरादेवी का विरोध और उससे उपजे चिपको आंदोलन, जिसमें सुंदरलाल बहुगुणा और चंडी प्रसाद भट्ट की भूमिका अहम थी, की बात ही निराली है जिसने पेड़ों के अस्तित्व के लिए न केवल संघर्ष किया, बल्कि उस समय की सरकारों को इस बाबत नीति बनाने पर विवश भी किया, लेकिन उसके बाद बनी वन नीति भी पेड़ों की रक्षा में नाकाम रही। आज भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं है।

सरकार दावे भले करे कि हमारी वन संपदा में बढा`तरी हो रही है। जबकि हकीकत में उसका दिना`दिन छय ही हा` रहा है। अब भी वक्त है, संभल जाओ, जीवनदायी पेड़ रूपी इस संपदा को बचाओ, अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। तब पछताने के सिवाय हमारे हाथ में कुछ नहीं होगा। इन हालात में एक दिन पेड़ों का नामोनिशान मिट जाएगा और इनका नाम किताबों में ही देखने को मिलेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**व्यंग्य**

# चुनाव की पावन वेला में...




पूरन सरमा
व्यंग्यकार


नेताओं द्वारा सबसे ज्यादा गरीबों पर ध्यान चुनावों के समय ही जाता है। गरीबी भी इसी समय मिटती देखी गई है। गरीबों के खून पसीने से की गई काली कमाई का कुछ प्रतिशत चुनावों में ही खर्च किया जाता है। चुनाव आयोग ने खामख्वाह चुनाव खर्च की सीमा तय की हुई है, वरना ये भ्रष्टाचारी नेता अपना कालाधन चुनाव के नाम पर मुक्त हस्त से और लुटायें। जितना धन इनके पास से निकलकर जनता-जनार्दन में वितरित हो, उतना ही गरीबों के हित में है। हालांकि जीतने के बाद ये सूद सहित वसूल लेते हैं, लेकिन इधर हमारे यहां अन्ना होने से इन पर लगाम लगी है। इन्हें भय तो हो ही गया है कि बैंकों में धन जमा कराना कितना खतरनाक हो गया है। जनता जागरूक हो गई है, वह नेताओं से धन वसूलना अच्छी तरह जान गई है। चुनाव आचार संहिता के चलते ढाबों में खाना, बोतल भर शराब तथा मात्र एकाद-दो कम्बल ही हाथ लग पा रहे हैं। अब तो गरीब मतदाता नकदी वितरण को भी वरीयता देने लगे हैं। इसलिए चुनाव की पावन बेला में गरीबी मिटाओ भली प्रकार से चल सकता है। हारने वाले नेता भी घाटे में नहीं रहते। वे अगले चुनाव तक दलाली का काम शुरु कर देते हैं। आजकल दलाली में अच्छी कमाई हैं ठेका-परमिट दिलाना, ट्रांसफर करवाना तथा खरीद-फरोख्त की सौदेबाजी में लाखों के वारे-न्यारे हो जाते हैं।

जब से वोट के बदले नोट का चलन चला है, मतदाता भी लोकतंत्र का डांस भली प्रकार से करने लगा है। थोड़े से जो पढ़-लिख गये हैं, उन्होंने तो वोट डालना ही बंद कर दिया है। सारा दारोमदार कमजोर व आर्थिक रूप से पीछे रहने वालों पर है। वे जीत-हार का निर्धारण करते हैं। अब मतदाता मुद्दा नहीं मुद्रा देखता है। करे भी क्या, मुद्रा के बगैर कुछ बनता भी नहीं है। और ये जो सफेदपोश चुनाव में खड़े होते हैं, इन्हें भी जनसेवा का शौक नहीं है। ये भी योजनाओं को लूटने के लिये ही चुनाव लड़ते हैं। सरकारें ऐसी-ऐसी योजनाएं चलाती हैं कि उनका अस्सी प्रतिशत ये नेता ही चट कर जाते हैं। इसलिए विकास पर जोर दिया जाता है। विकास एक धंधा है, जिसकी आड़ में राजनेता करोड़ों रुपया हजम कर जाते हैं। नेताजी को पागल कुत्ते ने नहीं काटा है, जो वे जनसेवा का व्रत लेकर खाक छानते फिरेंगे। वर्ष के 365 दिनों में से मतदाता का सिर्फ एक दिन होता है, बाकी 364 दिन नेताजी के हैं। जो मतदाता चुनाव के समय अकड़ा फिरता था, चुनाव के बाद नेताजी के आगे पीछे घूमता है और नेताजी उसका कचूमर बना देते हैं। चुनाव की इस पावन बेला में जो हो जाये वह कम है।

यह इसी पावन बेला की देन है कि नेताजी के दलालों के गाल पंद्रह दिन में लाल हो गये हैं। उन्हें पता है बाद में सूखा और अकाल है। पैसों की बाढ़ तो चुनाव में ही आती है। मेरे जैसे बेवकूफ मतदाता भी हैं, जो लोकशाही के बोझ तले दबे अपने वोट की कीमत किसी रूप में नहीं वसूल पाते। अंगुली पर वोट देने की स्याही लगाकर जनतंत्र के पक्ष में अपनी निष्ठा और ईमानदारी का जिम्मेदार नागरिक के रूप में कर डालते हैं। वे सोचते हैं लोकतंत्र उनके भरोसे जिंदा है। यह जानते ही नहीं कि लोकशाही दिखावा है, बाकी राजशाही का खुला ताण्डव चुनाव के बाद चलता है। रिश्वत, कमीशन और बिना भेंट पूजा के यह लगान दिये बगैर एक काम नहीं होता। सरकारी दफ्तर में कागज नहीं खिसकता। क्योंकि ऊपर से दबाव है कि जनता को लूटो और खाओ तथा हमारा हिस्सा हमें दे जाओ। चुनाव की पावन बेला में क्या-क्या नहीं होता। सारे कुकर्म होते हैं। जिसको जो चाहिए, वही मिलता है। वे लोग सुखी हैं, जो वोट डालने का कष्ट नहीं उठाते तथा दिन-रात राजनीति पर बहस करते हैं। वे साधन-सम्पन्न हैं। वे भेड़ पर से ऊन उतारना बखूबी जानते हैं। आदमी को क्या हो गया है, मैं तो आज तक नहीं जान पाया हूँ इस चुनावी माया को।

**नॉलेज कॉर्नर: दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अस्पताल फिलीपींस में**

# दुनिया के दो सबसे बड़े अस्पताल चीन में!

भा स्वास्थ्य देखभाल के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में, अस्पतालों का आकार और क्षमता बड़ी संख्या में रोगियों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लेकर विशिष्ट चिकित्सा सेवाओं तक, दुनिया के सबसे बड़े अस्पताल स्वास्थ्य सेवा नवाचार में सबसे आगे हैं। इस लेख में, हम वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन सबसे बड़े अस्पतालों की पड़ताल करेंगे। उनके पैमाने, सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा उद्योग पर प्रभाव की खोज करेंगे। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं विश्वभर के ऐसे नामी अस्पतालों के बारे में...

## विश्व के सबसे बड़े अस्पताल में हैं 7,000 बिस्तर

वर्ष 2024 तक चीन के हेनान में झेंग्झौ विश्वविद्यालय का पहला संबद्ध अस्पताल, 7000 से अधिक बिस्तरों की सुविधा के साथ दुनिया के सबसे बड़े अस्पताल का खिताब रखता है। झेंग्झौ विश्वविद्यालय के साथ गठबंधन करके यह न केवल शीर्ष स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है, बल्कि एक वैश्विक अनुसंधान पावरहाउस के रूप में भी खड़ा है, जिसमें पांच कार्यस्थान और कई अनुसंधान केंद्र हैं, जो दुनिया भर में चिकित्सा उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



## दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल चेंगदू में


विश्व स्तर पर दूसरे सबसे बड़े अस्पताल के रूप में चीन के चेंगदू में सिचुआन विश्वविद्यालय से संबद्ध वेस्ट चाइना मेडिकल सेंटर 1914 से सेवा दे रहा है। तीन परिसरों में 4300 से अधिक बिस्तरों के साथ इसमें 10000 से अधिक का स्टाफ है। 2021 में अस्पताल ने 7.75 मिलियन रोगियों का इलाज किया और लगभग 196000 सर्जरी की जिससे एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई।

## फिलीपींस में तीसरा सबसे बड़ा अस्पताल

*विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा अस्पताल, नेशनल सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ है जो फिलीपींस में है। यह अस्पताल विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है। 115 एकड़ में फैला यह अस्पताल सालाना 56,000 से अधिक बाह्य रोगियों का इलाज करता है।*

*कंटेंट: नरेंद्र शर्मा*

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टेल्को कंपनी की प्रथम महिला इंजीनियर, इन्फोसिस फाउंडेशन की सह-संस्थापक और उत्कृष्ट लेखिका व शिक्षिका श्रीमती सुधा मूर्ति जी को संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**महाराष्ट्र: उद्धव ठाकरे की नितिन गडकरी को चुनाव मैदान में उतारने की पेशकश पर गरमाई सियासत**

# फडणवीस का पलटवार, महाराष्ट्र की पहली सूची में होगा गडकरी का नाम

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे में उलझे सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति /राजग व विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची में नितिन गडकरी का नाम नहीं होने पर तंज कसते हुए उन्हें भाजपा छोड़कर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। वहीं इस पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र से भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में नितिन गडकरी का नाम पहला होगा। महाराष्ट्र में राजग में भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, अजित पवार नीत एनसीपी जैसे कई दल शामिल हैं।

राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों के साथ बातचीत में उद्धव ठाकरे की पेशकश की आलोचना की। साथ ही कहा कि गडकरी हमारे प्रमुख नेता हैं। वह नागपुर से चुनाव लड़ते हैं।





जब पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी, तो महायुति सहयोगियों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी। जब चर्चा होगी, तो गडकरी का नाम सबसे पहले आएगा। उन्होंने कहा, ऐसी पार्टी के प्रमुख का गडकरी जैसे राष्ट्रीय स्तर के नेता को टिकट की पेशकश करना, किसी छोटे व्यक्ति द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के पद की पेशकश करने जैसा है।

### महाराष्ट्र दिल्ली के आगे कभी नहीं झुका

इससे पहले उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में लातूर में जनसभा में कहा, नितिन गडकरी भाजपा छोड़कर हमारे साथ आएं और देखें कि महाविकास आघाड़ी उन्हें कैसे चुनकर लाती है। उद्धव ने इसके साथ ही भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की पहली लिस्ट में कृपाशंकर सिंह जैसे लोगों का नाम है, लेकिन महाराष्ट्र में जिसने इस को खड़ा किया, हमेशा युति के लिए काम करते रहे, उस गडकरी का नाम तक नहीं। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने इसके साथ ही शिवाजी का जिक्र करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र कभी भी दिल्ली के सामने झुका नहीं है। शिवाजी जब आगरा में औरंगजेब के सामने नहीं झुके, तो हम तुम्हारे सामने क्या झुकेंगे।

### लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं गडकरी: सुप्रिया

इस बीच, शरद पवार नीत राकांपा की नेता सुप्रिया सुले ने उद्धव ठाकरे के प्रस्ताव पर कहा कि नितिन गडकरी एक राष्ट्रीय नेता हैं और वह मूल भाजपा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो एक सुसंस्कृत पार्टी थी। उन्होंने कहा,मैं समझ नहीं पा रही हूं कि अब पार्टी (भाजपा) को क्या हो गया है। हमने संसद में बोलना सुषमाजी (स्वराज) और अरुणजी (जेटली) से सीखा है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी एमवीए में नितिन गडकरी का स्वागत करेगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जो विपक्षी नेताओं को अपना दुश्मन नहीं मानते हैं। वह लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और इसीलिए उनके प्रति सम्मान हमेशा रहेगा।

### राज ठाकरे के राजग में शामिल होने के कयास तेज

इस बीच, राज ठाकरे की मनसे (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) एनडीए में शामिल होने की अटकलें तेज हो चली हैं। महायुति में राज ठाकरे की पार्टी मनसे की एंट्री हो सकती है। भाजपा सीधे तौर पर अपनी तरफ से सीट न देकर सीएम एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना कोटे से एक सीट दे सकती है। मुंबई की दक्षिण मुंबई सीट शिवसेना मनसे को देकर राजग में एंट्री करा सकती है। भाजपा 32, शिंदे नीत शिवसेना 12, अजित पवार नीत एनसीपी चार सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। भाजपा नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने इस बार महाराष्ट्र की 48 में से 45 प्लस लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आगामी चुनाव में 40-41 सीटें नहीं चलेंगी।

## रोहित पवार की 50 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क



**मुंबई**। प्रवर्तन निदेशालय ने राकांपा के संस्थापक शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली चीनी मिल की 50 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति ने कुर्क की। ईडी ने यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। ईडी ने एक बयान में बताया कि औरंगाबाद जिले के कन्नड़ गांव में स्थित कन्नड़ सहकारी सखार कारखाना लिमिटेड (कन्नड़ एसएसके) की कुल 161.30 एकड़ भूमि, संयंत्र, मशीनरी और भवन को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलएन) के तहत अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। कन्नड़ एसएसके का स्वामित्व बारामती एग्रो लिमिटेड के पास है और यह रोहित पवार की कंपनी है।

## कांग्रेस में PM मोदी जैसे मजबूत नेता की कमी

**तिरुवनंतपुरम**। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री करुणाकरण की बेटी व भाजपा नेता पद्मजा वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री मोदी जैसे मजबूत नेता की कमी है। पद्मजा एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थीं। पार्टी में शामिल होने के बाद केरल लौटी पद्मजा का शुक्रवार को हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। पद्मजा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहने का उन्हें दुख है, लेकिन वह वहां अपमानित हो रही थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में समस्याओं का सामना करने के बाद भी वे लंबे समय तक कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी रहीं। फिर पीएम मोदी की कार्यशैली देखकर उन्हें लगा कि हर पार्टी को पीएम मोदी जैसे मजबूत नेता की जरूरत है।

**लोकसभा चुनावों को लेकर अधिकतर दलों की व्यूह रचना**

# आधी आबादी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने में जुटी सरकारें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों को लेकर तेज होते सियासी घमासान के बीच केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग सरकार समेत विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा व गैर भाजपा सरकारों ने आधी आबादी पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। उनको केंद्रित कर विभिन्न योजनाएं शुरू की जा रही हैं। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर घोषित एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट को राजनीतिक विश्लेषक चुनावी रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार, पंजाब की भगवंत मान सरकार समेत भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में भी महिलाओं को लेकर कई खास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार हाल में हुए विधानसभा चुनावों में महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान ने उनको बड़े वोट बैंक के रूप में बदल रहा है।



फाइल फोटो

पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं की चुनावी भागीदारी में बड़ा बदलाव आया है। अब वह सबसे बड़ा वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इतना ही नहीं, बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के अलावा दूसरे राज्यों में भी महिलाओं ने पिछले कुछ चुनावों में पुरुषों से अधिक वोट डाले। लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक अनेक जगह महिलाओं का मतदान प्रतिशत में10 से 15 फीसदी तक बढ़ा है।खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में तो इनकी संख्या और भी बढ़ी है। किसी भी पार्टी की सियासत को ऊपर या नीचे करने में महिला वोटरों ने बड़ी भूमिका निभाई।

### ये योजनाएं भी हो रही संचालित

इससे पहले भी केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं से जुड़ी कई केंद्रीय योजनाएं चल रही हैं। इनमें उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री समर्थ योजना शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार 2019 आम चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत में महिला मतदाताओं का बड़ा योगदान रहा। आम चुनाव के बाद आए आंकड़ों में यह यह पता चलता है कि महिलाओं ने दूसरों दलों की तुलना में भाजपा को 6 से 8 फीसदी अधिक वोट दिए। इसलिए विपक्षी दलों ने भी अलग-अलग राज्यों में महिलाओं केंद्रित योजनाएं बनाने में जुटी हैं।

### दिल्ली: महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1000 रुपए

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने हाल ही पेश बजट में महिला सम्मान योजना की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली सरकार 18 साल से ऊपर की हर महिला को हर माह 1000 रुपए देगी। इस योजना की हकदार 18 वर्ष से ऊपर की वो सभी महिलाएं होंगी जिनका वोटर आईडी कार्ड दिल्ली का है।

### छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना'

छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ की महिलाओं को सालाना 12 हजार की राशि दी जाएगी।

### एमपी में लाडली बहना योजना, मिलते हैं 1250 रुपए

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना शुरू किया। इस योजना की शुरुआत मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जाते हैं। अभी तक इस योजना का लाभ करोड़ों महिलाएं उठा चुकी हैं। माना जा रहा है कि पिछले साल संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को इस योजना का फायदा हुआ।

### हिमाचल: महिलाओं को 1500 की पेंशन

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी महिलाओं के लिए 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि' योजना की शुरुआत की। इसमें महिलाओं को 1500 रुपए की मासिक पेंशन मिलेगी।

### तमिलनाडु में महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए

तमिलनाडु में भी महिलाओं के लिए एमके स्टालिन सरकार ने 'कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थित्तम' योजना शुरू की है। इस योजना के तहत वहां की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इस योजना के तहत पैसे सीधे महिलाओं के बैंक अकाउंट में आते हैं।

**आंध्र प्रदेश: तीन पार्टियां मिलकर काम करने पर सहमत**

# BJP-TDP एवं जन सेना में गठबंधन अब लगभग तय!





**एजेंसी** | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, जन सेना और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) का गठबंधन लगभग तय माना जा रहा है। इस बीच, तेदेपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य के. रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि तीनों दलों ने सैद्धांतिक रूप से आम चुनावों के लिए एक साथ काम करने का फैसला किया है और उसके लिए तौर-तरीकों पर चर्चा की है।

एक दिन पहले तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके एक दिन बाद रवींद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए गठबंधन बनाने के मकसद से चर्चा हुई। उन्होंने कहा, भाजपा, तेदेपा और जन सेना ने सैद्धांतिक रूप से मिलकर काम करने का फैसला किया है। जन सेना के अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण गुरुवार रात शाह के आवास पर डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक चली चर्चा में शामिल थे।

### गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए फिर होगी वार्ता

सूत्रों ने बताया कि ऐसे गठबंधन में भाजपा को कितनी सीट मिलेंगी, यह महत्वपूर्ण बात है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीट हैं। उन्होंने बताया की तीनों दलों के शीर्ष नेता मतभेदों को दूर करने और गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए एक और दौर की वार्ता कर सकते हैं।


**तमिलनाडु में सीटों के बंटवारे पर बनी बात**

# द्रमुक का वीसीके व एमडीएम के साथ समझौता, दीं तीन सीटें

**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) ने शुक्रवार को सहयोगी दलों वीसीके और एमडीएमके के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया। दोनों पार्टियों के साथ 2019 के समझौते के अनुसार ही सीटों का आवंटन किया गया है।

विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) को दो सीटें आवंटित की गईं हैं। दोनों आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र हैं। जबकि वाइको के नेतृत्व वाली मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र



कषगम (एमडीएमके) को एक सीट दी गई है। साल 2019 में एमडीएमके को एक राज्यसभा सीट भी दी गई थी। वीसीके के एमपी तिरुमावलवन ने कहा कि उनकी पार्टी अपने चुनाव चिह्न मिट्टी के बर्तन पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि इसे एक सामान्य चिह्न आवंटित किया जाए क्योंकि वह कर्नाटक, केरल और तेलंगाना में भी लगभग 15 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। 2019 के चुनावों में एमडीएमके को एक लोकसभा सीट और एक राज्यसभा सीट दी गई थी। तिरुमावलवन ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी चिदंबरम और विल्लुपुरम से चुनाव लड़ेगी।

## असम पहुंचे पीएम मोदी, काजीरंगा में रोड शो

**गुवाहाटी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम को असम की राजधानी तेजपुर पहुंचे। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने काजीरंगा में रोड शो किया। पीएम मोदी 9 मार्च को करीब 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। यहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत बनाए गए 5.5 लाख से ज्यादा घरों के लिए गृह प्रवेश समारोह भी करेंगे। 9 मार्च को दोपहर में वे अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना होंगे।

**कई अहम मसलों पर चर्चा की उम्मीद**

# संघ की बैठक 15 से नागपुर में कई अहम मसलों पर होगी चर्चा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों की सियासी गहमागहमी के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभी की बैठक अगले सप्ताह नागपुर में होगी। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव, पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और मणिपुर में मौजूदा स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। बैठक में संघ के 45 संगठनात्मक प्रांतों से करीब 1,500 स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 मार्च से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक में आरएसएस महासचिव पद के लिए भी चुनाव होगा। महासचिव पद संघ परिवार में सर संघचालक के बाद दूसरा शीर्ष पद होता है। फिलहाल इस पद पर दत्तात्रेय होसबोले हैं। होसबोले को साल 2021 में बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में तीन साल के लिए आरएसएस महासचिव चुना गया था।

### सरकार्यवाह पद के लिए भी होंगे चुनाव

सूत्रों के मुताबिक, प्रतिनिधि बैठक में आरएसएस के संबंधित राज्य इकाइयों के संघचालक' और सरकार्यवाह पद के लिए भी चुनाव होंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में संघ के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए एक नई 'संघ शिक्षा वर्ग' योजना के कार्यान्वयन पर भी चर्चा होगी और संगठन के काम और क्षेत्रों के विस्तार की योजना पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में 2025-26 में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा होगी।

**जम्मू कश्मीर: सीटों के बंटवारे पर कलह, टूट के कगार पर पीएजीडी**

# पीडीपी के साथ गठबंधन नहीं: उमर, हम कांग्रेस से बात करेंगे: महबूबा

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में कलह तेज हो गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रकवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे।

वहीं, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने उमर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उमर अब्दुल्ला ने पीपुल्स एलांयस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) को तितर-बितर किया। महबूबा ने कहा





कि वह इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और सीट बंटवारे पर कांग्रेस से बात की जाएगी। उमर उब्दुल्ला ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी महबूबा मुफ़्ती की पार्टी पीडीपी के लिए जम्मू कश्मीर में एक भी सीट नहीं छोड़ेगी। अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि नेकां को पीडीपी के साथ साझेदारी करनी पड़ेगी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती।

उन्होंने दावा किया है कि राज्य में कांग्रेस नंबर दो पर है, जबकि पीडीपी तीसरे नंबर पर है। उन्होंने मीडिया से कहा, मैंने आपको पहले ही बता दिया कि नम्बर 3 की पार्टी को अपने लिए सीट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। आज पीडीपी के साथ कितने लोग हैं जो उन्हें तीसरे नम्बर पर लेकर आए हैं।

### कांग्रेस के लिए छोड़ सकते हैं सीट

उमर ने कहा कि वह राज्य में सोनिया गाँधी और राहुल गांधी के कहने पर कांग्रेस के लिए सीट छोड़ सकते हैं लेकिन पीडीपी के लिए सीट नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर और लदाख में कॉन्ग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस 3-3 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव के पीएम मोदी के परिवार को लेकर दिए गए बयान को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है।

### गठबंधन धर्म नहीं निभाने का आरोप

उमर ने पीडीपी पर गठबंधन धर्म ना निभाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब पूर्व कॉन्ग्रेसी नेता गुलाम बनी आजाद ने उनकी पार्टी पर हमले किए तो पीडीपी ने उनका साथ दिया। पीडीपी लगातार नेशनल कॉन्फ्रेंस को निशाना बना रही है।

### PAGD को पहुंचाया नुकसान: महबूबा

दूसरी ओर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के फैसले से आहत हैं। नेकां ने पीएजीडी को नुकसान पहुंचाकर वह किया है जो भाजपा नहीं कर सकती थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस संबंध में कांग्रेस से बात करेंगी और जल्द ही कोई फैसला लेंगी। महबूबा ने कहा, हम चाहते थे कि पीएजीडी जारी रहे लेकिन हर कोई जानता है कि इस पीएजीडी को किसने खत्म किया। हम कांग्रेस से बात करेंगे क्योंकि हम इंडिया गठबंधन में हैं। पीएजीडी एक लोकतांत्रिक गठबंधन था लेकिन जिस तरह से यह बिखरा है वह बहुत निराशाजनक है...हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए था। हमने (पीडीपी) बहुत प्रयास किए, लेकिन उन्होंने (उमर अब्दुल्ला) बिना किसी परामर्श के घोषणा कर दी कि वे तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

## जरूरी खबर

### कर्नाटक: कैफे ब्लास्ट मामले में दो लोग हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए धमाके की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी और केंद्रीय अपराध शाखा ने बल्लारी जिले के कौल बाजार से एक कपड़ा व्यापारी और एक पीएफआई समर्थक को हिरासत में लिया है। जांच टीमों को संदेह है कि दोनों साजिश का हिस्सा थे। जांच एजेंसी के मुताबिक, उनकी कुछ आतंकी संगठनों से नजदीकियां थी। सूत्रों के मुताबिक, पीएफआई ने बम लगाने वाले व्यक्ति समते कई लोगों का ब्रेनवॉश किया है। इस बीच, जांच टीमों ने पाया कि जिस व्यक्ति ने एक मार्च को बम रखा था, उसने बेंगलुरु, तुमकुरु, बल्लारी, बीदर और फिर भटकल की यात्रा की। सिटी बस और बस स्टैंड पर लगे कैमरों में कैद सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि अपनी पहचान छिपाने और जांचकर्ताओं को गुमराह करने के लिए संदिग्ध आरोपी ने बार-बार अपनी पोशाक बदली।

### SBI की याचिका पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा SC



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ 11 मार्च को भारतीय स्टेट बैंक की याचिका पर सुनवाई करेगी। इस याचिका में चुनाव आयोग को चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग की गई है। इसके अलावा चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। जानबूझकर चुनावी बांड के जरिए राजनीतिक दलों को दिए गए पैसों की डिटेल 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवहेलना की है।

### मणिपुर में सेना के जेसीओ का अपहरण

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को भारतीय सेना में सेवारत जूनियर कमीशंड अधिकारी का घर से अपहरण कर लिया। सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। गत 27 फरवरी को इंफाल में घर में घुसकर मैतेई चरमपंथी संगठन अरामबाई तेंगगोल ने मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अपहरण कर लिया था। सुरक्षा बलों ने एएसपी को सुरक्षित मुक्त करा लिया था।

## नेशनल क्रिएटिव अवॉर्ड... पीएम मोदी ने किया सम्मानित



### कीर्तिका को पैर छूने से रोका तीन बार झुककर किया प्रणाम

*नई दिल्ली। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' कार्यक्रम में जब कीर्तिका गोविंदासामी पीएम मोदी के पैर छूने के लिए आगे बढ़ीं, पीएम ने उसको रोकते हुए झुककर तीन बार प्रणाम किया और कहा कि वैसे राजनीति में... देश में एक परंपरा बन गई है, लोग पैर छूते हैं। कला जगत में पैर छूना, उसका भाव अलग है, अगर कोई बेटी पैर छुए तो मैं बहुत डिस्टर्ब हो जाता हूं। कीर्तिका को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार प्रदान किया गया।*

## जया किशोरी, मैथिली ठाकुर सम्मानित



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' पर राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 23 हस्तियों को 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया। लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर को सांस्कृतिक राजदूत वर्ष पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन व ड्रू हिक्स को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया।*






## कांग्रेस की क्षत्रपों पर नजर, पहली सूची में 39 प्रत्याशी घोषित

# गहलोत-पायलट समेत कई दिग्गजों को उतारा जा सकता है मैदान में

**इनको उतारा मैदान में**





**कांग्रेस सूची में क्या**

- 39 उम्मीदवारों के नाम हैं सूची में
- 15 प्रत्याशी सामान्य वर्ग से
- 24 प्रत्याशी SC-ST व अल्पसंख्यक वर्ग से

**इन पर है नजर**





**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर रणनीतिक चर्चाओं के बीच कांग्रेस ने शुक्रवार शाम अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की।

इसमें नौ राज्यों के 39 प्रत्याशियों के नाम शामिल है। पहली सूची में राजस्थान से किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन पार्टी ने इस सूची के माध्यम से यह संकेत दे दिया है कि वह इस बार अपने दिग्गज क्षत्रपों को चुनाव मैदान में उतार ने वाली है। पार्टी की दूसरी सूची 12 मार्च तक आने की संभावना है। उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्यों के किसी उम्मीदवार का ऐलान पार्टी ने नहीं किया है। कांग्रेस की पहली सूची में केरल से सबसे अधिक 16 उम्मीदवारों का पार्टी ने ऐलान कर दिया है और राहुल समेत सभी मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस सूत्रों का कहना कि, पहली सूची के बाद मध्यप्रदेश में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह से लेकर जीतू पटवारी जैसे वरिष्ठ नेताओं पर लोकसभा चुनाव लड़ने का दबाव बढेगा। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनके गृह जिला जोधपुर से तो पूर्व विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी पर जयपुर ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा जोरों पर है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को भी अपनी परंपरागत सीट से लड़ने का विकल्प दिया गया है। राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को भी चुनाव लड़ाने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आलाकमान लोकसभा चुनाव लड़ने से हिचक रहे वरिष्ठ नेताओं को रियायत देने के मूड में नहीं है।

### बेहतर संभावना वाली सीटों पर पहले घोषणा

पार्टी की पहली सूची में छत्तीसगढ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता शशि थरूर, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ के पार्टी के वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू तथा ज्योत्सना महंथ समेत कई बड़े चेहरों के नाम हैं। दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ कांग्रेस ने अपनी बेहतर संभावना वाले छत्तीसगढ की आधा दर्जन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है।

### अमेठी पर सस्पेंस बरकरार

राहुल गांधी को वायनाड सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। लेकिन अमेठी से किसी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। इसलिए अमेठी को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इन दिनों कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी राहुल गांधी को अमेठी व प्रियंका गांधी वाड्रा को रायबरेली से चुनाव लड़ा सकती है। राहुल गांधी की केरल के वायनाड से दुबारा चुनाव लड़ने पर किसी तरह का संशय नहीं था और अब निगाहें उनकी उत्तरप्रदेश के अमेठी से उम्मीवारी की घोषणा पर रहेगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस में उम्मीदवारों की घोषणा की।

### केसी वेणुगोपाल खुद अलपुज्जा से लड़ेंगे

तिरूअनंतपुरम से शशि थरूर लगातार चौथी बार लोकसभा में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेंगे। केरल के बाद कर्नाटक की 28 में से सात सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है जिसमें मांडया से सिने स्टार वेंकटरामेगौडा उर्फ चंद्रू, हासन से श्रेयस पटेल और तुमकुर से एसपी मुधानेगौड़ा उम्मीदवार बनाए गए हैं। कर्नाटक की ये तीनों सीटें जेडीएस नेता पूर्व पीएम देवेगौड़ा के प्रभाव वाली हैं और इसलिए कांग्रेस के लिए अहम हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार को हुई बैठक में 60 उम्मीदवारों के नाम पर विचार हुआ जिसके बाद पहली सूची जारी की गई है।

### तेलंगाना में 17 प्रत्याशी घोषित

तेलंगाना की 17 में से पांच उम्मीदवारों का कांग्रेस ने एलान किया है जिसमें सूबे के प्रभावशाली नेताओं को प्रत्याशी बनाया गया है। लक्षदीप की एकमात्र सीट के लिए मोहम्मद हमीदुल्ला सईद तो त्रिपुरा पश्चिम सीट से आशीष कुमार साहा उम्मीदवार बनाए गए हैं। मेघालय की शिलांग एसटी सीट से पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विंसेट पाला और तुर्रा एस सुपनोमेरेन जमीन जबकि सिक्कम की एकमात्र सीट से गोपाल छेत्री चुनाव लड़ेंगे।

### युवाओं और मजबूत उम्मीदवारों का चयन

कांग्रेस की 39 उम्मीदवारों की पहली सूची में घोषित प्रत्याशियों में से 12 प्रत्याशी 50 साल से कम उम्र के हैं तो आठ चेहरे 50 से 60 साल की उम्र के हैं। वहीं 12 उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं और बाकी सभी उम्मीदवार 60 से 70 साल की उम्र के हैं। अनुभवी नेताओं के साथ युवाओं और जमीन व संगठन से जुड़े नेताओं को पहली सूची में जगह दी है। इस सूची में कई वरिष्ठ नेताओं के नाम भी हैं और आने वाली अगली सूची में भी पार्टी बड़े नेताओं के साथ मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा करेगी क्योंकि कांग्रेस का लक्ष्य एक-एक सीट पर जीतने का प्रयास कर भाजपा की तानाशाही सरकार को सत्ता से बाहर करना है।

## कांग्रेस को लगा झटका

# बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक से आईटीएटी का इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है. आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने कांग्रेस के बैंक खातों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई को रोकने के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने आयकर विभाग पर पार्टी के बैंक अकाउंट से 65 करोड़ रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पार्टी पर 115 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया था। टैक्स रिटर्न का मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) में लंबित है। आयकर विभाग ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से पैसे निकाले हैं। शुक्रवार को आयकर विभाग की कार्रवाई के खिलाफ याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने ट्रिब्यूनल से अगले 10 दिनों तक इस आदेश को स्थगित रखे जाने की अपील की7 सूत्रों ने कहा कि पार्टी अब दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर करेगी।

### कांग्रेस ने पहले भी लगाए थे आरोप

इससे पहले, कांग्रेस पार्टी ने आयकर विभाग के कार्रवाई को लेकर भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने पूरे मामले कोराजनीति से प्रेरित बताया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर वित्तीय आतंकवाद और विपक्ष को पंगु करने की कोशिश का भी आरोप लगाया था।

इससे पहले 16 फरवरी को कांग्रेस ने आयकर विभाग पर पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि आयकर विभाग ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। इसके कुछ घंटों बाद इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कांग्रेस के फ्रीज अकाउंट पर लगी रोक हटा दी थी।

## शौर्य को सम्मान




*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड और कलर्स प्रदान कर सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने वायुसेना स्टेशन हिंडन में एक समारोह में 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को राष्ट्रपति मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया।*

**सेला सुरंग का लोकार्पण आज**

# बढ़ेगी सेना की ताकत व पहुंच, चीन की उड़ेगी नींद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के दौरे के दौरे के दौरान सेला सुरंग सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी पश्चिम कामेंग जिले के बैसाखी में आयोजित समारोह में सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

सेला सुरंग से चीन की सीमा से लगे तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा मिलेगी। यह सुरंग वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास है। 13 हज़ार फीट की ऊंचाई पर बनी यह सुरंग तवांग को देश के दूसरे हिस्से से जोड़ती है। यही वजह है कि यह




सुरंग रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। खासतौर से चीन की ओर सीमावर्ती इलाकों में बढ़ते निर्माण कार्यों के मद्देनजर इसे भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। यह सुरंग चीन-भारत सीमा पर अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों, हथियारों और मशीनरी की शीघ्र तैनाती कर एलएसी पर भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाएगी। तवांग से चीनी सीमा की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। ऐसे में भारत ने अब एलएसी के बेहद करीब सुरंग का निर्माण कर लिया है।

यह सुरंग सेला दर्रे के पास यह बनाई गई है। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि भारी वर्षा के कारण भूस्खलन और बर्फबारी के चलते बालीपारा-चारीद्वार-तवांग मार्ग लंबे समय तक बंद हो जाता है। पीएम मोदी ने फरवरी 2019 में इस परियोजना की नींव रखी थी, जिसकी लागत 697 करोड़ रुपये आंकी गई थी। कोरोना महामारी सहित विभिन्न कारणों से सुरंग के निर्माण कार्य में देरी हुई।

## बेटियों ने संभाला समुद्री निगरानी मिशन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की धूम के बीच शुक्रवार को अंडमान और निकोबार में महिला अधिकारियों द्वारा पहली बार समुद्री निगरानी मिशन चलाया गया। सशस्त्र बलों के भीतर समान अवसर देने और लैंगिक तटस्थता को बढ़ावा देने की दिशा में इसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आईएनएएस 318 की 40वीं वर्षगांठ और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अंडमान और निकोबार कमान द्वारा पहला महिला समुद्री निगरानी मिशन शुरू किया गया। आईएनएस उत्क्रोश के चालक दल में लेफ्टिनेंट कमांडर शुभांगी स्वरूप, लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा और लेफ्टिनेंट वैशाली मिश्रा शामिल थीं। इस अवसर पर नौसेना एयर आर्म के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिसमें उड़ान-पूर्व ब्रीफिंग, मौसम संबंधी ब्रीफिंग, चिकित्सा जांच और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ब्रीफिंग शामिल थी, जिसका संचालन महिला अधिकारियों द्वारा किया गया।



## इंटरनेशनल वुमंस डे: शहर भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन

# पूजा, सम्मान और नाच-गाने संग नारी शक्ति को किया सम्मानित

*__बेधड़क.जयपुर।__ जयपुराइट्स ने इंटरनेशनल वुमंस डे अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। बच्चों ने मां को विश और पूजा करते हुए तो संस्थाओं ने महिलाओं का सम्मान करते हुए इसे देवी पूजन के रूप में भी मनाया। कहीं केक काटा गया तो कहीं डांस और गानों से महिलाओं के कामों का गुणगान किया गया।*

### किशोरियों को टीका मुफ्त

राजस्थान अस्पताल के महिला रोग विभाग द्वारा इस वर्ष की थीम महिलाओ में निवेश से प्रगति में तेजी लावे को ध्यान में रखते हुए डॉ. वीणा आचार्य ने अनूठी पहल की और 65 से अधिक किशोरियों को गर्भाश्य के कैंसर से बचाव का टीका मुफ्त लगवाया। अनूठे निवेश भविष्य में इन किशोरियों को प्रगति की राह दिखाएगा। कार्यक्रम में कई गैर सरकारी संस्थानों की संगीता, उमा गौतम, डॉ. तरूछाया, डॉ. सोनल गौर, मृदुला भसीन, रिता तिवारी, डॉ. वीणा सिंघल आदि ने सहयोग कर युवतियों को अलग से भी टीकाकरण कराया। डॉ. आचार्य ने बताया, कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तीन वर्ष पूर्व सवाईकल कैंसर को विश्व में जड़ से उखाड़ने की युद्ध स्तर पर योजना की शुरुआत की थी। अखिल भारतीय महिला रोग विशेषज्ञों के महासंघ (फोगसी) नें कार्यक्रम को भारत में चलाने का बीड़ा उठाया है, जिसकी पश्चिमी क्षेत्र की कॉर्डिनेटर जयपुर की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा आचार्य को जिम्मेदारी दी गई है। आचार्य ने बताया, कि सवाईकल कैंसर से टीकाकरण से बचा जा सकता है। इसको लगाने की सही आयु 9 से 14 वर्ष कि किशोर अवस्था है।



### महिला दिवस पर फलों का वितरण

महाशिव रात्रि व महिला दिवस पर भारतीय संस्कृति संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बांगड हॉस्पिटल के बाहर मरीज के परिजनों को भोजन विरतण किया गया। ट्रस्ट की संचालिका ने मंदबुद्धि वृद्ध आश्रम पर फलों का वितरण किए। संचालिका सीमा शर्मा ने बताया, कि संस्थान जरूरतमंदों को भोजन व स्वरोजगार के लिए कार्य करता है।



### रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए 10 मार्च को चिरायु हाफ मैराथन का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इससे पहले वुमंस डे पर समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। हवामहल विधानसभा विधायक बालमुकुंदाचार्य मुख्य अतिथि रहे और जिला प्रमुख जयपुर रमा चौपड़ा ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। इस दौरान महिलाओं ने खुलकर अपने विचार भी रखे।



### प्रतिभावान महिलाओं का सम्मान

राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से महिला दिवस पर वुमेन्स पावर-2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। भट्टारकजी की नसियां में इस मौके पर 2 महिलाओं को नारी गौरव सम्मान तथा 5 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया, कि विभिन्न गीतों पर नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। नारी उत्थान, चिकित्सा व मोटिवेशनल उदबोधन हुए। महिलाओं के स्वास्थ्य पर टॉक शो किया गया।



### महिला कर्मचारियों को पुरस्कार

उत्तर-पश्चिम रेल-वे प्रधान कार्यालय में महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अभी नहीं तो कभी नहीं थीम पर नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ, मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण, लैगिंक समानता, कामगारों तथा पुरूष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी महिला प्रधान विषयों पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रमों की अध्यक्षता भावना शर्मा-प्रमुख वित्तीय सलाहकार उत्तर पश्चिम रेलवे ने की। महिला कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 को



**बेधड़क. जयपुर।** सामूहिक विवाह आयोजन समिति गुर्जर समाज जयपुर द्वारा 12 मार्च को दशहरा मैदान आदर्श नगर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष गोविन्द पोसवाल व महामंत्री नवरतन बारवाल ने बताया, कि 29 जोड़ों का विवाह सम्मेलन में हिन्दु रिती रिवाज के अनुसार होगा। कार्यक्रम में दोनों महापौर, डिप्टी सीएम, विधायक पूर्व विधायक, प्रधान अन्य जन-प्रतिनिधि वर-वधुओं को आर्शीवाद देंगे। साथ ही भामाशाहों का माला व साफा व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। राजस्थान के सभी जिजों व मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश से अतिथि आएंगे।

## हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** वार्ड 133 कीर्ति नगर में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया गया। विधायक कालीचरण सराफ ने लोकार्पण किया और इस दौरान स्थानीय पार्षद रमेश सैनी ने बताया, कि विकास समिति अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी, सचिव अरविंद गुप्ता, ब्रजमोहन मीणा, सौभाग मल कुमावत, रामेश्वर शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, पंडित गणेश शास्त्री, रामेश्वर गुप्ता, सोनू शर्मा, आशीष माथुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स में सेरेमनी के दौरान मुख्य अतिथि सीमा टाटीवाला और राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने युवाओं को मोटिवेट किया। टाटीवाला ने कहा, कि जेम एंड जूलरी उद्योग के लिए युवाओं की देश में ही नहीं, दुनिया में जरूरत है। डॉ. के. एल. जैन ने कहा, कि जी. एस. आई. की प्रमुख ग्लोबल हैड जेमोलोजिस्ट मीनू बृजेश व्यास और उनकी टीम को सफलता के लिए बधाई देता हूं। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों के साथ उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया।

## City इवेंट्स

### झक्कास अंदाज में अनिल कपूर ने किया जयपुराइट्स को चीयर



**बेधड़क. जयपुर।** झक्कास अंदाज में जब एक्टर ने जयपुराइट्स का चीयरअप किया तो हर कोई दीवाना हो उठा। अपने सिग्नेचर स्टाइल में उन्होंने डांस करते हुए फेंस को रिझाया। ये थे बॉलीवुड के झक्कास एक्टर अनिल कपूल, जो शुक्रवार को गुलाबी नगरी में थे। प्रिंटेट कुर्ते में लगे डेशिंग: इस मौके पर कपूर ने प्रिंटेट कुर्ते को अपनी चॉइस माना और जयपुराइट्स के सामने कूल व डेशिंग अंदाज में आए। गोगल्स लगाए एक्टर युवाओं को खूब भा रहे थे, जिन्होंने कभी हाथ हिलाकर तो कभी फ्लाइंग किस और डांस करते हुए शहरवासियों पर अपना प्यार लुटाया। इस दौरान उन्होंने टोंक रोड स्थित एक जूलरी शो-रूम का उदघाटन किया।

### 500 किलो फूलों से होली आज

**बेधड़क. जयपुर।** टोंक रोड स्थित देव नगर के सामुदायिक गार्डन में फूलों का फाग और खाटू श्याम के भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में अनेक महिला संस्थाएं व लेडीज क्लब हिस्सा लेंगे। भारती खंडेलवाल ने बताया, कि फाग में 500 किलो फूल से होली खेली जाएगी। गायक कलाकार अभिषेक खंडेलवाल, राहुल खंडेलवाल, कुलदीप शर्मा, रितु पांडे सहित अनेक चेहरे मन लुभाएंगे। कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकारों की राधा- कृष्ण की झांकी व बाबा दरबार सजेगा। महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

### वीर, हास्य और शृंगार रस काव्य की त्रिवेणी से 16 को सराबोर होगा जयपुर



**बेधड़क. जयपुर।** काव्यम संस्था की ओर से जयपुर में 16 मार्च को देश के छह नामी कवियों का सम्मेलन 'काव्य धारा'होगा, जिसे कविता प्रेमी एंजॉय करेंगे। ये अनूठा सम्मेलन बिड़ला ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से होगा। काव्यम के संस्थापक और प्रणेता राजेश शर्मा ने बताया, कि सम्मेलन में रायपुर के हास्य व्यंग्य शैली के कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, दिल्ली के राजेश चेतन, दिल्ली के ही राजेश अग्रवाल, नवलगढ़ के हरीश हिन्दुस्तानी, भीलवाड़ा के वीर रस के कवि योगेन्द्र शर्मा और दिल्ली की श्रंगार रस गीत गजल की कवि पद्मिनी शर्मा रचनाओं से शहर के काव्य प्रेमियों को सराबोर करेंगी।

## नाटक 'विकट कवि' में बाल कलाकारों का अभिनय

# जीवंत अभिनय से किया तेनाली राम की कहानी को साकार



**बेधड़क | जयपुर**

कोरोना काल में क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर जयपुर की ओर से शुरू किया गया पॉकेट थिएटर इस बार फिर से खास है। तेनाली राम की कहानियों पर बाल नाटक "विकट कवि" बाल कलाकारों ने मंच पर उतारा। तेनाली राम देश के लोकप्रिय चरित्रों में से एक है, जिन पर रंगमंच में कम काम हुआ है। वे बच्चों के बीच लोकप्रिय और उनकी बुद्धिमत्ता और हाजिर जबाबी के लिए प्रसिद्ध रहे। ऐसे में तेनाली राम पर आधारित नाटक बाल रंगमंच के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय से 14वीं शताब्दी में दक्षिण भारत के विजय नगर साम्राज्य में जन्में तेनाली का बचपन दर्शाया, जो अभावग्रस्त था। उनकी शरारतों से उनकी मां परेशान रहा करती थी। पिता का साया अल्पायु में ही नहीं रहा है, किन्तु मां काली की उन पर विशेष कृपा थी। कालांतर में उनके आशीर्वाद से राज दरबार में उनकी जगह बनी। राजा कृष्ण देवराय ने उन्हें दरबार के 8 रत्नों में से एक का स्थान दिया। चतुराई और विद्या का उपयोग उन्होंने विजयनगर साम्राज्य के कल्याण के लिए किया। नाटक में आदित्य प्रजापति बाल तेनाली, अंश राज युवक तेनालीराम रहे तो सोनल कुमारी, साक्षी, राज नंदनी, श्रृष्टि राज, नेहा आकृति, अनोखी, सुहाना, सौरव, रिषभ, तनु, राधा आदि ने जीवंत अभिनय व सहयोग किया।

## संत स्वामी पुरसनाराम साहिब का 191वां जन्मोत्सव

# 191 पौंड का शाकाहारी केक काटकर लगाए जयकारे



**बेधड़क | जयपुर**

सिंधी समाज के प्रमुख संत स्वामी पुरसनाराम साहिब का 191वां जन्मोत्सव स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क सेक्टर 4 जवाहर नगर में मनाया गया। पुरसनाराम साहिब मंडल अध्यक्ष साईं मुकेश साध ने बताया, कि सुबह धर्म ध्वजा फहराई गई। दोपहर 2 बजे विशाल शोभा यात्रा रवाना हुई, जो जवाहर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सेक्टर 4 स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क पहुंचीं। शोभा यात्रा की अगुवाई गजराज ने की। सबसे अंत में स्वामीजी का चित्र बग्घी में विराजमान था। 301 महिलाएं गुलाबी रंग की वेशभूषा में सिर पर गंगाजल पूरित कलश धारण कर मंगल गान गाती चल रहीं थीं। मुख्य कार्यक्रम के तहत शाम को 4.30 बजे बालक मंडली कटनी (मध्य प्रदेश) के गायक गोरधन उदासी-दिलीप उदासी की सिंधी संगीत की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूम उठे। रात को 191 पौंड का शाकाहारी केक काटा गया। पल्लव प्रार्थना के बाद महाआरती हुई। कार्यक्रम में जोधपुर, भोपाल, अहमदाबाद, दुबई, इंदौर, अजमेर, आगरा, दिल्ली, सांभरलेक, उज्जैन, कानपुर आदि शहरों के भक्त सम्मिलित हुए। सिंधी समाज की समस्त पंचायतों के मुखिया, विशिष्ट जन और आमजन ने जयकारे लगाए।

**संगीत** | महिला कलाकारों को समर्पित वागेश्वरी महोत्सव की शुरुआत

# संतूर वादक डॉ. वर्षा व तबला गर्ल रिम्पा ने मोहा मन

**बेधड़क | जयपुर**

कैनवास पर रचनात्मक रंगों से साकार होती कल्पनाएं, चर्चा सत्रों में संवादों का सतत प्रवाह, सर्द शाम के साथ तत् वाद्य संतूर और अवनद्ध तबले की जुगलबंदी। ऐसा ही नजारा था जवाहर कला केन्द्र में विभिन्न कलाओं का, जिसमें 'वागेश्वरी' महोत्सव के तहत प्रदेश की 10 महिला चित्रकार शामिल हैं। देश की पहली महिला संतूर वादक डॉ. वर्षा अग्रवाल ने संतूर और तबला गर्ल रिम्पा शिवा ने तबला वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। 3 दिवसीय महोत्सव में देश भर की कलाकार दृश्य कला, साहित्य, संगीत और रंगमंच से जुड़ी प्रस्तुतियां देंगी।



### कैनवास पर कल्पनाओं के रंग

अलंकार में महिला चित्रकार शिविर से वागेश्वरी महोत्सव की शुरुआत हुई। जयपुर, बांसवाड़ा, कोटा और उदयपुर की 10 कंटेंपरेरी आर्टिस्ट हिस्सा ले रही हैं। इनमें डॉ. रेणु बारीवाल, शीतल चितलांगिया, प्रो. सीमा चतुर्वेदी, डॉ. मणि भारतीय, शर्मिला राठौड़, मीनू श्रीवास्तव, डॉ. दीपिका माली, दीपाली शर्मा शामिल हैं। हर कलाकार की अपनी स्टाइल है, जिसमें वे कैनवास पर कल्पनाओं के रंग भरेंगी।

### उभरकर सामने आएगी पेंटिंग्स

महोत्सव में एब्स्ट्रेक्ट, आकृतिमूलक, मिक्स मीडियम, कोलाज आर्ट आदि स्टाइल की पेंटिंग्स उभर कर सामने आएंगी। साहित्यिक आयोजन की कड़ी में 'भारतीय शास्त्रीय संगीत में महिला वादकों का योगदान 'पुरातन से नूतन"विषय पर प्रो. (डॉ.) वंदना कल्ला, डॉ. वंदना खुराना ने विचार साझा किए। आरयू संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदन कल्ला ने कहा, कि राजस्थान में पाए गए प्राचीन भित्ति चित्रों में महिलाओं को वाद्य यंत्रों के साथ दर्शाया गया है। इससे जाहिर है, कि पुरातन काल से ही महिलाएं संगीत में अपनी सशक्त भूमिका निभा रही है। डॉ. वंदना खुराना ने बताया, कि दक्षिण में संगीत जीवन का हिस्सा है। बच्चा चाहे किसी भी प्रोफेशन में हो लेकिन वह संगीत जरूर सीखता है। विशेषज्ञों ने शंकर गिटार वादक डॉ. कमला शंकर, सुर बहार वादक स्व. अन्नपूर्णा देवी, सरोद वादक स्व. शरण रानी, सितार वादक मंजू मेहता, प्रथम संतूर वादिका डॉ. वर्षा अग्रवाल और अनुराधा पॉल, हेतल मेहता, रिम्पा शिवा की संगीत साधना पर भी प्रकाश डाला। तबला और संतूर जैसे शास्त्रीय वाद्य यंत्रों के लालित्यपूर्ण प्रस्तुति से शाम सजी। रंगायन में तबला गर्ल के नाम से मशहूर कोलकाता की रिम्पा शिवा ने तबला वादन की प्रस्तुति दी। हारमोनियम पर राजेन्द्र बनर्जी की संगत के साथ रिम्पा ने तबले पर थिरकती अंगुलियों का करिश्मा दिखाया।

### विमान 235 यात्रियों को लेकर जा रहा था जापान

# आसमान से गिरा प्लेन का टायर, कारों के शीशे चकनाचूर

**एजेंसी** | लॉस एंजिल्स

अमेरिकी एयरलाइन कंपनी के साथ बड़ी अनहोनी हुई। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। सैन फ्रांसिस्को से जापान जा रहे यूनाइटेड एयरलाइंस के एक जेटलाइनर का उड़ान भरने के तुरंत बाद टायर निकल गया। टायर आसमान से नीचे गिरा, जिससे कई कारों के शीशे चकनाचूर हो गए। बाद में विमान की लॉस एंजेल्स में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान में 235 यात्री सवार थे। साथ ही 14 क्रू मेंबर्स भी थे। हादसे के बाद सबकी सांसें अटक गई थीं। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया है।




### विमान में थे छह टायर एक निकलकर गिरा

विमान के मुख्य लैंडिंग गियर असेंबली में छह टायर लगे थे। इनमें में से एक टूट गया। टायर सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने एम्प्लॉई पार्किंग लॉट में एक कार पर गिरा। इससे कार के शीशे चकनाचूर हो गए। इसके बाद टायर दीवार को तोड़ते हुए थोड़ी दूर पर जाकर रुका। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना के तुरंत बाद बोइंग 777 की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।



### विमान की डिजाइन ने बचाई जिंदगी

एयरलाइन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि 2002 में बने इस विमान को क्षतिग्रस्त टायरों या लापता टायरों के साथ सुरक्षित रूप से उतरने के लिए डिजाइन किया गया था। यात्रियों को दूसरे विमान से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। घटना की आगे संघीय उड्डयन प्रशासन द्वारा जांच की जाएगी।


### चुनाव से पहले आखिरी 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में बोले राष्ट्रपति

# हम भारत से अपने रिश्ते कर रहे मजबूत: बाइडेन

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है और भारत जैसे सहयोगियों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अपने आखिरी 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव।

उन्होंने अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत,



ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।'

बाइडेन ने कहा कि वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है, लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने कांग्रेस में अपने तीसरे 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है। बाइडेन ने कहा कि मेरे सत्ता में आने के बाद से हमारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ा है। पिछले एक दशक में चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा सबसे निचले स्तर पर है। मैंने यह सुनिश्चित किया है कि सबसे उन्नत अमेरिकी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल चीन के हथियारों में न किया जा सके। सच कहूं तो, चीन पर सख्त बातचीत के बावजूद मेरे पूर्ववर्ती के मन में ऐसा विचार कभी नहीं आया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम चीन या किसी भी अन्य देश के खिलाफ 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा को जीतने के लिए मजबूत स्थिति में हैं।'



## पीएम किशिदा से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**एजेंसी** | टोक्यो

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि आज भारत और जापान बड़े मुद्दों और मुख्य चिंताओं पर सहमत हैं।

टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी के निक्केई मंच पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि सम्मलित रूप से बड़ी गतिविधियों विशेषकर क्वाड समूह से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि अधिक समन्वित तरीके से काम करने की क्षमता भी बढ़ी है। इसके अलावा द्विपक्षीय साझेदारी में सहयोग को बढ़ाकर और मुद्दों की भी पहचान की गई है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और शेष दुनिया की समस्याओं के लिए भारत और जापान के संबंधों में बहुत से समाधान हैं। टोक्यो की अपनी यात्रा समापन करते हुए विदेश मंत्री ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। उन्होंने विदेश मंत्रियों के रणनीतिक संवाद पर हुई प्रगति से जापान के प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

### स्टील्थ तकनीक से लैस होंगे विमान

# भारत ने AMCA प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

**एजेंसी** | बीजिंग

भारत की सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने एएमसीए प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके जरिए भारतीय वायु सेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का निर्माण किया जाएगा। यह विमान स्टील्थ तकनीक से लैस होंगे और दुश्मन के रडार को चकमा देकर हमले को अंजाम दे सकेंगे। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। चीन और पाकिस्तान बड़ी तेजी से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान ने चीन से एफसी-31/जे-31 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर समझौता किया है। इसके अलावा पाकिस्तान तुर्की के कॉन एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट में भी भागीदार है।




**AMCAकी लागत 15000 करोड़:** भारत के एएमसीए परियोजना की प्रारंभिक विकास लागत लगभग 15,000 करोड़ रुपए आंकी गई है। वर्तमान में दुनिया में केवल कुछ चुनिंदा देशों जैसे अमेरिका, रूस और चीन के पास ही पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट हैं। योजना के तहत, एएमसीए के पांच प्रोटोटाइप संयुक्त रूप से निजी उद्योगों के सहयोग से एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा बनाए जाएंगे। भारतीय वायु सेना अपनी दीर्घकालिक आवश्यकता को देखते हुए एएमसीए परियोजना पर जोर दे रही है।

### चीन का एफसी-31 लड़ाकू विमान ताकतवर

चीन का एफसी-31 अभी विकास के चरण में है। इस विमान को चीनी वायु सेना ने अभी तक खुद सर्विस में शामिल नहीं किया है। लेकिन, पाकिस्तान ने इसे खरीदने का फैसला किया है। पाकिस्तान को लगता है कि वह एफसी-31 विमान के जरिए भारत पर बड़ी रणनीतिक बढ़त हासिल कर सकता है। उसकी मंशा भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने की है, लेकिन इस विमान की कॉम्बेट क्षमता अभी भी संदिग्ध है। दूसरी बात यह है कि किसी भी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की ऑपरेशनल कॉस्ट काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इस पर संदेह है कि पाकिस्तानी वायु सेना इतने बड़े खर्चे को कैसे संभाल पाएगी।

### शिवमंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

# पाक में महाशिवरात्रि की धूम

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भगवान शिव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि हिंदू समाज द्वारा शुक्रवार को उल्लास के साथ मनाया गया। भारत ही नहीं पाकिस्तान के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान से ऐसी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। पाकिस्तानी पत्रकार दिलीप कुमार खत्री ने सिंध प्रांत के उमरकोट में स्थित महादेव मंदिर का एक वीडियो जारी किया है, जहां महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा करने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने इसे पाकिस्तान में मौजूद विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का एक प्रतीक कहा। एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए दिलीप ने लिखा कि वार्षिक महाशिवरात्रि उत्सव के लिए सिंध के उमरकोट के महादेव मंदिर में 250,000 हिंदू भक्त जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए।

**कटासराज धाम: 5000 साल पुराना शिव मंदिर:** पाकिस्तान आज भले ही इस्लामिक गणराज्य के रूप में है, लेकिन कभी भारत का ही हिस्सा रहे इस क्षेत्र में आज भी कई बहुत महत्वपूर्ण हिंदू धार्मिक स्थल मौजूद हैं। ऐसा ही एक धार्मिक स्थल कटासराज धाम है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में स्थित इस शिव मंदिर को 5000 साल पुराना माना जाता है। इस धाम में एक कुंड है जिसके बारे में मान्यता है कि यह भगवान शिव के आंसुओं से बना है। जब सती की मौत के बाद उनके वियोग के दुख में भगवान शिव रोए तो उनके आंसू इसी कुंड में गिरे थे।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl